www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 विकराल होता जलवायु परिवर्तन का संकट, बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

लोन अदा नहीं करने पर किसान ने लगाई फांसी 04

वर्ष :09 अंक :17 मुंबई, मंगलवार, 08 जुलाई 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार, पांच करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त

दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक व्यापारी और एक किराना दुकान के सहायक को हेरोइन की खेप पहुंचाने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दो आरोपियों- अनस खान (26) और सुधीर कुमार उर्फ ऋतिक (27) के पास से पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को एक जुलाई को जीरो पुस्ता रोड पर जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के पास उस समय रोका गया जब वे एक कार से हेरोइन की खेप पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि कुल हेरोइन में से खान के पास से 527 ग्राम और कुमार के पास से 526 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान दोनों ने कबूल किया कि वे उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अवनीश से हेरोइन खरीद रहे थे। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा पुलिस थाने में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से श्रमिक की मौत

विरुदुनगर के निकट एक गांव में रविवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक श्रमिक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस सिलसिले में एक फैक्टरी के फोरमैन को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि केलाथायिलपट्टी गांव में आतिशबाजी इकाई में हुआ विस्फोट विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान रसायनों के बीच घर्षण के कारण हुआ है। अधिकारी ने बताया कि करीब 50 वर्षीय एक श्रमिक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की तथा अधिकारियों को घायल श्रमिकों की विशेष देखभाल सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आधिकारिक विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री ने मृतक श्रमिक के परिवार को चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने गंभीर रूप से घायल श्रमिक को एक लाख रुपए तथा मामूली रूप से घायल अन्य को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। मृतक श्रमिक की पहचान शिवकाशी के थिरुथंगल निवासी एम. बालगुरुस्वामी के रूप में हुई है।

# नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे मोदी: मल्लिकार्जुन खड़गे

## रायपुर में कहा- हर जगह गरीबों को लूट रहे, कांग्रेस कार्यकर्ता मर-मिटने को तैयार

जनसभा

**खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार भय और झूठ फैलाकर देश पर राज कर रही है। ये लोग हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने और डराने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, मर-मिटने को तैयार है।**

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार को कांग्रेस द्वारा किसान, जवान और संविधान जनसभा का आयोजन किया गया। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत तमाम नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी दो टांगों से चल रहे हैं। मोदी की एक टांग आंध्र की टीडीपी है और दूसरी बिहार के नीतीश कुमार। इनमें से कोई भी हिली तो मोदी जी गिर जाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि केंद्र सरकार भय और झूठ फैलाकर देश पर राज कर रही है।

ये लोग हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने और डराने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, मर-मिटने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं, उन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

67 नई शराब की दुकानें खोल दीं और नकली शराब बेचने का धंधा शुरू कर दिया। ये लोग सिर्फ कारोबार के नाम पर समाज को खोखला कर रहे हैं। खड़गे ने फरर और भाजपा पर संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघ के एक विचारक ने सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म शब्दों को संविधान से हटाने की बात कही है।




### सीएम साय सिर्फ मोदी और शाह के इशारों पर उठते-बैठते हैं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेकर खड़गे ने कहा कि साय सिर्फ मोदी और शाह के इशारों पर उठते-बैठते हैं, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह सिर्फ साय का नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान है।

### सचिन पायलट बोले- दो बैसाखी पर चल रही सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी

सभा में मौजूद कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि आज की सरकार दो बैसाखियों पर टिकी है। 2028 में फिर से वैसी ही लड़ाई लड़नी है जैसी 2018 में लड़ी थी। मैं आज की बारिश में भी यहां आए कार्यकताओं को नमन करता हूं। यही कांग्रेस की असली ताकत है।

### खड़गे बोले-संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करा आरएसएस

खड़गे ने आरएसएस और भाजपा पर संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघ के एक विचारक ने सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म शब्दों को संविधान से हटाने की बात कही है। 1980 में आपने अपने ही संविधान में क्या लिखा था? अब इन्हीं शब्दों को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। ये शब्द हटाकर तो देखिए, पूरा देश आपके खिलाफ खड़ा हो जाएगा। खड़गे ने कहा कि एक दिन भाजपा खुद अपने कामों पर शर्मिंदा होगी। खड़गे ने आगे कहा कि जब भी हम सच्चाई बोलते हैं, तो देश में कुछ लोगों को मिर्ची लगती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 16 बार दावा किया कि उन्होंने युद्धविराम कराया, लेकिन मोदी ने एक बार भी उन्हें झूठा नहीं कहा।

# संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह, इसे नहीं बदला जा सकता: उपराष्ट्रपति धनखड़

## ऐतिहासिक रूप से किसी भी देश की प्रस्तावना में कभी बदलाव नहीं किया गया है

**कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि ऐतिहासिक रूप से किसी भी देश की प्रस्तावना में कभी बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान की प्रस्तावना में बदलाव किया गया था।**

एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है और इसे बदला नहीं जा सकता, चाहे कोई कितनी भी कोशिश कर ले। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल ही दो ऐसे संवैधानिक पद हैं जो उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों और न्यायाधीशों जैसे अन्य पदाधिकारियों से अलग शपथ लेते हैं। हम सभी - उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य - संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं, लेकिन माननीय राष्ट्रपति और माननीय राज्यपाल संविधान को संरक्षित, सुरक्षित और बचाव करने की शपथ लेते हैं। इस प्रकार, उनकी शपथ न केवल बहुत अलग है, बल्कि यह उन्हें संविधान को संरक्षित, सुरक्षित और बचाव करने के भारी कार्य के लिए बाध्य भी करती है। स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि ऐतिहासिक रूप से किसी भी देश की प्रस्तावना में कभी बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान की प्रस्तावना में बदलाव किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी भी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में न्यायपालिका पर लोगों का बहुत भरोसा और सम्मान है।



# निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया...

## तुर्किये की विमानन कंपनी सेलेबी की याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

**न्यायालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के कदम का समर्थन करते हुए कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है। मई के महीने में सेलेबी एविएशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दलील दी कि हम एक भारतीय कंपनी हैं।**

एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को तुर्की की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका खारिज कर दी, जिसमें सरकार द्वारा उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के कदम का समर्थन करते हुए कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है। मई के महीने में सेलेबी एविएशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दलील दी कि हम एक भारतीय कंपनी हैं। हमारे कर्मचारी भारतीय हैं। कंपनी ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा इस महीने की शुरूआत में राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी है।

सेलेबी एविएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि कंपनी भारत में 17 वर्षों से बिना किसी दोष के काम कर रही है और सुरक्षा मंजूरी रद्द करने का कदम मनमाना और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है। हवाईअड्डा संचालकों के साथ मेरे अनुबंध रद्द किए जा रहे हैं। हालांकि, रोहतगी ने अपनी दलीलें कानूनी आधारों और सरकार के फैसले में प्रक्रियात्मक खामियों तक ही सीमित रखीं।

# ब्रिटेन के साथ मिलकर इंदिरा गांधी ने किया था गोल्डन टेंपल पर अटैक

## ऑपरेशन ब्लूस्टार को लेकर भाजपा सांसद का दावा

**निशिकांत दुबे ने आगे लिखा कि पाकिस्तान को अंततः 1960 में करतारपुर साहिब दिया समझौता सरदार स्वर्ण सिंह जी ने किया। स्वर्ण मंदिर पर 1984 के आक्रमण और निर्दोष श्रद्धालुओं को मारने के समय राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी को बनाया।**

एजेंसी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि स्वर्ण मंदिर में 1984 का विवादास्पद ऑपरेशन ब्लू स्टार ब्रिटिश सरकार के सहयोग से चलाया गया था। दुबे ने दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान ब्रिटिश सैन्य अधिकारी अमृतसर में मौजूद थे, जिसमें स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर छिपे आतंकवादियों को निशाना बनाया गया था। दुबे ने एक्स पर लिखा कि 1984 में स्वर्ण मंदिर पर इंदिरा गांधी जी ने आक्रमण ब्रिटेन के साथ मिलकर किया, ब्रिटेन की सेना के अधिकारी उस वक़्त अमृतसर में मौजूद थे। कांग्रेस के लिए सिख समुदाय केवल खिलौना मात्र है।

निशिकांत दुबे ने आगे लिखा कि पाकिस्तान को अंततः 1960 में करतारपुर साहिब दिया समझौता सरदार स्वर्ण सिंह जी ने किया। स्वर्ण मंदिर पर 1984 के आक्रमण और निर्दोष श्रद्धालुओं को मारने के समय राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी को बनाया। 1984 के सिखों के कत्लेआम को छुपाने तथा वरिष्ठ नेताओं एच के एल भगत, जगदीश टाइटलर, सज्जन कुमार को बचाने के लिए 2004 में मनमोहन सिंह जी को कठपुतली प्रधानमंत्री बनाया। देश को बेचने और विदेशी के सामने सरेंडर की कहानी जारी है। बाद में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे मे एएनआई से बातचीत में कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने 1984 में गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखा था- उसमें लिखा है कि भारत ने तकनीकी और भौतिक मदद मांगी और हमारे (ब्रिटिश) लोग वहां गए। कांग्रेस 6 महीने से स्वर्ण मंदिर पर हमले की योजना बना रही थी। जांच में पता चला कि ब्रिटिश सेना के नेतृत्व में भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आपने भिंडरावाले को जन्म दिया और फिर ब्रिटिश सेना की मदद लेकर सिखों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल पर हमला किया।



# मानसून की भारी बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

## झारखंड के 12 जिलों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की

**मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार, जिन जिलों में बाढ़ का खतरा है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, बोकारो, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं।**

एजेंसी

झारखंड में पिछले काफी समय से भारी बारिश हो रही है। लगातार पानी बरसने के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इसके कारण झारखंड में बाढ़ के हालत बन रहे हैं। झारखंड के निचले इलाकों में पानी भरता जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। ईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, जहां रविवार (6 जुलाई, 2025) को सुबह 8.30 बजे से सोमवार (7 जुलाई, 2025) को सुबह 8.30 बजे के बीच मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। झारखंड के 12 जिलों में सोमवार को अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है।



# धीरेंद्र शास्त्री की हुंकार, मेरा है सपना भगवा-ए-हिंद, अगर भारत हिंदू राष्ट्र बनता है तो...

**सनातन महाकुंभ में लोगों को संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों से जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वे किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं, चाहे वह इस्लाम हो या ईसाई धर्म, लेकिन उन्हें उन हिंदुओं से परेशानी है जो जाति के आधार पर लोगों को धर्म के भीतर बांटते हैं।**

एजेंसी

बिहार में चुनाव से पहले सियासत तेज है। इसी कड़ी में रविवार को पटना में सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान धर्मगुरु धीरेंद्र शास्त्री ने घोषणा की कि उनका एकमात्र सपना भगवा-ए-हिंद है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म पर किसी भी हमले का वे कड़ा जवाब देंगे। सनातन महाकुंभ में लोगों को संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों से जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वे किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं, चाहे वह इस्लाम हो या ईसाई धर्म, लेकिन उन्हें उन हिंदुओं से परेशानी है जो जाति के आधार पर लोगों को धर्म के भीतर बांटते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि सभी हिंदू एक जैसे हैं और उन्हें एक-दूसरे से नहीं लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर एक पिता के चार बच्चे हैं, तो क्या उनमें से कोई भी अप्रिय होगा? सभी बच्चे प्यारे होंगे। हम सभी हिंदू हैं, हम सभी समान हैं, हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए। हम यहां राजनीति के लिए नहीं, बल्कि रामनीति के लिए हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के आरोपों को खारिज करते हुए शास्त्री ने स्पष्ट किया कि मैं बिहार में राजनीति करने नहीं आया हूं। मैं यहां 'रामनीति' के लिए आया हूं, राजनीति के लिए नहीं। मैं चाहता हूं कि लोग जाति से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी बनें।



# बिहार के पूर्णिया में परिवार के 5 लोगों की हत्या

## डायन बताकर पीट-पीटकर मार डाला; घर से डेढ़ किलोमीटर दूर ले जाकर जलाईं लाशें

**बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या की गई है। रविवार रात से सभी लापता थे। सोमवार शाम को सभी की बॉडी मिली है। लाशें घर से डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में मिलीं। जिन्हें जलाने के बाद अलग-अलग बोरों में भरकर जलकुंभियों के बीच छिपाया गया था। सभी शव 80 फीसदी से ज्यादा जल चुके हैं।**

एजेंसी



मृतकों में बाबू लाल उरांव, उनकी पत्नी, मां, बहू और बेटा शामिल है। पुलिस के अनुसार, परिवार झाड़-फूंक करता था। 3 दिन पहले गांव में एक बच्चे की मौत हो गई। गांव वालों ने अंधविश्वास में इस हत्याकांड को अंजाम दिया। बाबूलाल के बेटे सोनू ने बताया कि 'मेरे सामने ही पूरे परिवार को मारा गया है। रविवार की रात 10 बजे अचानक 50 लोग घर पर आ गए और मेरी मां सीता देवी को डायन बताकर बांस के पीटने लगे। उन लोगों ने मेरे परिवार को पीट-पीटकर मार डाला।' पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी नकुल ने कहा- 'मारपीट के बाद डीजल छिड़कर पांचों को जिंदा जलाया था।' बेटा बोला- मैंने लाशें उठाकर ले जाते देखा बाबू लाल उरांव का 15 साल का बेटा सोनू किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और नानी घर पहुंचा। उसने आंखों देखी नानी को सुनाई। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सोनू ने पुलिस को बताया- 'घर से 150-200 मीटर दूर लाशों को ले जाया गया था।

निशाना

## चिराग पासवान पर तेजस्वी ने क्यों साधा निशाना

# टिप्पणी भी करते हैं और उसी सरकार का समर्थन भी करेंगे...

एजेंसी



**राजद नेता ने कहा कि चिराग (पासवान) के पास स्पष्ट रूप से कोई विचारधारा नहीं है। वह (राज्य में) हो रहे अपराधों पर टिप्पणी करते हैं, लेकिन सरकार का समर्थन भी करेंगे। वह उन लोगों का समर्थन करते हैं जो संविधान को नष्ट कर रहे हैं**

नयी दिल्ली। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर निशाना साधा। चिराग पासवान ने व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। बिहार में एनडीए के प्रमुख सहयोगी पासवान ने खेमका की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या के बाद राज्य में ध्वस्त कानून-व्यवस्था को लेकर सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने पासवान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पासवान राज्य में बढ़ते अपराधों पर टिप्पणी करते हैं, लेकिन उसी सरकार का समर्थन भी करेंगे। राजद नेता ने कहा कि चिराग (पासवान) के पास स्पष्ट रूप से कोई विचारधारा नहीं है। वह (राज्य में) हो रहे अपराधों पर टिप्पणी करते हैं, लेकिन सरकार का समर्थन भी करेंगे। वह उन लोगों का समर्थन करते हैं जो संविधान को नष्ट कर रहे हैं...उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया है, न तो मंत्री के रूप में और न ही अन्यथा। वह सिर्फ अभिनय कर रहे हैं। राज्य में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि पासवान वर्तमान में अपने सहयोगी जीतन राम मांझी के साथ संघर्ष में हैं और उन्हें नहीं पता कि वह इस साल बिहार चुनाव लड़ेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि चिराग पासवान आगे क्या करेंगे या क्या नहीं करेंगे।

फिलहाल उनका जीतन राम मांझी से टकराव चल रहा है। उनके और जीतन राम मांझी के बीच विवाद चल रहा है, लेकिन मुझे नहीं पता कि इसका नतीजा क्या होगा। चिराग पासवान बकवास करते हैं। वह दो बार सांसद रह चुके हैं- क्या वह हमें बता सकते हैं कि उन्होंने क्या किया है? चिराग पासवान चुनाव लड़ते हैं या नहीं, मुझे नहीं पता। इसके बाद आरजेडी नेता ने राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम ने अपनी नैतिकता बेच दी है और बिहार में राक्षस राज का दावा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और सीएम नीतीश कुमार के शासन में अपराधियों को जेलों से रिहा किया जा रहा है और राज्य की स्थिति के बावजूद अराजकता और अपराध के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# कभी भी छिड़ सकता है विश्व युद्ध- नितिन गडकरी



**गडकरी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में इजरायल और ईरान के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर संघर्ष का माहौल चल रहा है। स्थिति ऐसी है कि इन दोनों चल रहे युद्धों की पृष्ठभूमि में कभी भी विश्व युद्ध छिड़ने की आशंका है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि इस समय दुनिया में संघर्ष का माहौल है और इजरायल-ईरान, रूस-यूक्रेन के बीच जो कुछ हो रहा है, उसकी पृष्ठभूमि में कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है। 'बियॉन्ड बॉर्डर्स' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध से जुड़ी तकनीकी प्रगति के कारण मानवता की रक्षा करना भी मुश्किल हो रहा है। गडकरी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में इजरायल और ईरान के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर संघर्ष का माहौल चल रहा है। स्थिति ऐसी है कि इन दोनों चल रहे युद्धों की पृष्ठभूमि में कभी भी विश्व युद्ध छिड़ने की आशंका है। गडकरी ने कहा कि आज का युद्ध केवल सैनिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक तकनीक के जरिए नागरिकों को सीधे निशाना बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि गडकरी ने रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान युद्धों का हवाला देते हुए कहा कि महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के कारण समन्वय, सद्भाव और प्रेम गायब हो रहा है और दुनिया भर में संघर्ष का माहौल है। भारत को बुद्ध की भूमि बताते हुए गडकरी ने विश्व को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देने वाली धरती बताया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों की समीक्षा करने और विचार-विमर्श के बाद भविष्य की नीति निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सम्पादकीय

### नए आपराधिक कानूनों की स्वीकार्यता, भारत की न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बना रहे

नए आपराधिक कानून एक सकारात्मक और सुविचारित बदलाव के प्रतीक हैं। पहले वर्ष में एक मजबूत आधार स्थापित हो चुका है। अब आवश्यकता है इसे और मजबूती से आगे बढ़ाने की। यदि यह यात्रा प्रशिक्षण निवेश और नीति समर्थन से सशक्त की जाए तो भारत की न्याय प्रणाली वास्तव में अधिक तेज पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बन सकती है। एक जुलाई, 2024 को भारत ने अपने औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को तीन आधुनिक विधियों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) से बदल दिया। इन सुधारों का उद्देश्य नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सम्मिलित आपराधिक न्याय प्रणाली का निर्माण करना था। लागू होने के पहले दो महीनों में ही इन नए प्रविधानों के तहत 5.56 लाख से अधिक एफआइआर दर्ज हुईं, जो इनकी सक्रिय स्वीकार्यता को दशार्ती हैं। इसके साथ ही 5.6 लाख से अधिक पुलिस, अभियोजन और न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, जो प्रशासन की तैयारी और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारतीय न्याय संहिता ने संगठित अपराध, आतंकवाद और भीड़ हत्या जैसे अपराधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है, जिससे यह वर्तमान समय की आपराधिक प्रकृति के अनुरूप बन गई है। इसमें कुछ अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में शामिल किया गया है, जो दंडात्मक न्याय से सुधारात्मक और पुनवार्सात्मक न्याय की ओर एक संवेदनशील कदम है। हालांकि कई प्रविधान अब भी आइपीसी से मिलते-जुलते हैं, लेकिन यह निरंतरता और परिवर्तन के बीच संतुलन बनाने का एक व्यावहारिक तरीका माना जा रहा है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने प्रक्रिया संबंधी कानून में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। अब नागरिक जीरो एफआइआर और ई-एफआइआर दर्ज कर सकते हैं और केस फाइलें और चार्जशीट डिजिटल रूप में तैयार की जा रही हैं। जांच अधिकारियों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे घटनास्थल से तुरंत साक्ष्य एकत्र कर सकें और अपलोड कर सकें। दिल्ली, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पुलिस स्टेशनों में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष स्थापित किए गए हैं जिससे रिमांड और गवाही की कार्यवाहियां दूरस्थ रूप से की जा सकें। उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी राज्यों में से है। राज्य के सभी 75 जिलों में मोबाइल फारेंसिक वैन तैनात की गई हैं । इसके अलावा 60,000 नए भर्ती पुलिसकर्मियों के लिए नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, ताकि वे नवीन विधिक व्यवस्था में प्रशिक्षित हो सकें। बीएनएसएस के अंतर्गत मोबाइल फारेंसिक साइंस यूनिट्स का विस्तार एक प्रमुख सुधार है। इसके साथ ही फारेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं को उन्नत किया जा रहा है, ताकि वे साइबर अपराध और डीएनए परीक्षण जैसे जटिल मामलों की जांच कर सकें।

## आज का विचार

**संघर्ष** से कभी डरना नहीं चाहिए
क्यूंकि यह भी
एक कहानी है
जो सफल होकर सबको सुनानी है

भारत संवाद

# विकराल होता जलवायु परिवर्तन का संकट, बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

> भारत को भी अब हाइड्रोजन सौर पन-पवन और परमाणु ऊर्जा की ओर बढ़ना चाहिए ताकि समूचे उत्तर भारत पर फैले जहरीली हवा और धूल के बादल छंट सकें। भारत में हर साल 16 लाख लोग वायु प्रदूषण से और छह लाख जल प्रदूषण से मरते हैं जो दुनिया में वायु प्रदूषण से मरने वालों का एक चौथाई और जल प्रदूषण से मरने वालों का आधा है।

पा जून के दौरान इस साल इंग्लैंड और स्पेन में रिकार्ड गर्मी पड़ी। लंदन में तापमान 35 डिग्री था, जबकि स्पेन के दक्षिणी शहर कोदोर्बा में 41 डिग्री। स्पेन और पुर्तगाल के अन्य कई शहरों में भी पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। इटली, ग्रीस, फ्रांस और नीदरलैंड्स में भी भीषण गर्मी पड़ी। इस गर्मी से आठ लोगों की मौत हो गई और तुर्किये में दावानल से बचाने के लिए 50 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा। यूरोप में गर्मी का मौसम जून से लेकर जुलाई और अगस्त तक रहता है। जून में मौसम वैसा रहता है जैसा उत्तर भारत में सामान्य तौर पर अप्रैल के दौरान रहता है। हालांकि इस बार दिल्ली में भी अप्रैल का महीना रिकार्ड गर्मी का रहा। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलनों में 70 से अधिक लोग मारे गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि यूरोप में धरती से उठती गर्मी को वायुमंडल पर बने उच्च दाब ने गुंबद की तरह घेर लिया था जिसे हीट डोम कहते हैं। जून की ग्रीष्म लहर उसी का परिणाम थी। इसी तरह के हीट डोम दो वर्ष पहले पश्चिमी अमेरिका, चीन और दक्षिणी स्पेन पर बने थे। कैलिफोर्निया की डेथ वैली में पारा 53.9 डिग्री और स्पेन में 46 डिग्री जा पहुंचा था। हीट डोम बनने और बादल फटने की घटनाएं वायुमंडल में गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बढ़ती जा रही हैं। धरती का औसत तापमान औद्योगिक युग से पहले की तुलना में 1.36 डिग्री बढ़ चुका है। इसे 1.5 डिग्री से आगे बढ़ने से रोकने के लिए पेरिस की जलवायु संधि हुई थी। तापमान में हुई वृद्धि के एक चौथाई का जिम्मेदार अकेला अमेरिका है। फिर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस संधि से हाथ खींच लिया था। विज्ञानियों को आशंका है कि चीन समेत बाकी देश जिस गति से अपना गैस उत्सर्जन घटा रहे हैं उससे धरती का तापमान 1.5 डिग्री पर नहीं रुक पाएगा। वह 2.7 डिग्री तक बढ़ जाएगा, जिसके भयावह परिणाम होंगे। नेचर पत्रिका के अनुसार तापमान वृद्धि को यदि 1.5 डिग्री तक न रोका गया तो इसकी सबसे बड़ी कीमत भारत को चुकानी पड़ सकती है। भारत के करीब 60 करोड़ लोग भीषण गर्मी से प्रभावित होंगे। गर्मी बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखेगी जिसे नम रखने के लिए बड़ी मात्रा में भूजल निकालना होगा और उसके स्रोत सूखने लगेंगे। भारत दुनिया में गेहूं और धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भूजल सूखने से उनकी उपज पर असर पड़ेगा। बागवानी, पशुपालन और मत्स्यपालन भी प्रभावित होंगे।



औसत तापमान में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी बादलों में सात प्रतिशत अधिक पानी भर सकती है। अधिक पानी से लदे बादलों के फटने की आशंका बढ़ जाती है। बादल फटने से भीषण बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। भारत में हर साल दो से तीन हजार लोग बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मारे जाते हैं। तापमान बढ़ने से हिमालय के ग्लेशियरों पर भी बर्फ की जगह पानी बरसने लगा है जिसकी वजह से वे तेजी से पिघल कर छीज रहे हैं। गंगोत्री ग्लेशियर ही 15-20 मीटर प्रति वर्ष की गति से छीज रहा है और पिछले तीस वर्षों में लगभग 700 मीटर छीज चुका है। कुछ अन्य ग्लेशियरों की हालत और भी चिंताजनक है। कई ग्लेशियरों की बर्फ पिघलने से झीलें बन गई हैं, जिनके टूटने से बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। गत मई में स्विट्जरलैंड का बर्च ग्लेशियर टूटने से उसकी तलहटी में बसा गांव ब्लाटन उसके मलबे में दब गया था। ग्लेशियरों के पिघलने से बाढ़ और भूस्खलन हो रहे हैं और इनके सूखने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियां भी बरसाती नदियों में बदल सकती हैं और जलसंकट पैदा हो सकता है। जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए जो वैश्विक सहमति बनी थी वह पिछले कुछ वर्षों में कमजोर हुई है। पहले तो कोविड महामारी ने आर्थिक संकट खड़ा किया। उसके बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से ऊर्जा और अनाज के दामों में आग लगी और महंगाई बढ़ी। इससे लोगों और सरकारों दोनों के बजट बिगड़ गए। रही-सही कसर ट्रंप ने पेरिस संधि से हाथ खींचकर, व्यापार जंग छेड़कर और विश्व व्यवस्था को अस्थिर बनाकर पूरी कर दी। जो अमेरिका लोकतांत्रिक देशों को चीन और रूस की तानाशाही के जोखिम से बचाता था, उसे ट्रंप ने जोखिम में बदल दिया। अमेरिका पर भरोसा करने वाले देशों को उम्मीद थी कि उसकी सुरक्षा के साए में वे जलवायु परिवर्तन की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे, लेकिन उन्हें अपने संसाधन अपनी सुरक्षा को मजबूत करने और नए बाजार खोजने में लगाने पड़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की तेज होती तपिश के बीच ही सरकारों को अपने बजट उस रक्षा सामग्री पर लगाने पड़ रहे हैं, जिसके निर्माण और प्रयोग से जलवायु परिवर्तन की गति और तेज होगी। गनीमत है कि एक तिहाई ग्रीनहाउस गैस छोड़ने वाला चीन स्वच्छ ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा विकास के काम में लगा है। साइकिलों का देश अब बिजली की कारों, बैटरियों, स्वच्छ ऊर्जा और भविष्य की तकनीकों का सबसे बड़ा उत्पादक, निर्यातक और उपभोक्ता बन चुका है। भारत को भी अब हाइड्रोजन, सौर, पन-पवन और परमाणु ऊर्जा की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि समूचे उत्तर भारत पर फैले जहरीली हवा और धूल के बादल छंट सकें। भारत में हर साल 16 लाख लोग वायु प्रदूषण से और छह लाख जल प्रदूषण से मरते हैं जो दुनिया में वायु प्रदूषण से मरने वालों का एक चौथाई और जल प्रदूषण से मरने वालों का आधा है। इसलिए 180 देशों की पर्यावरण प्रदर्शन तालिका में भारत 176वें स्थान पर है। यही हाल रहा तो भारत की जीडीपी का 6.4 से लेकर 10 प्रतिशत प्रदूषण की भेंट चढ़ने लगेगा। दो साल पहले हुए सर्वेक्षणों के अनुसार भारत के 85 प्रतिशत लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 प्रतिशत चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के उपाय किए जाने चाहिए। हमें यह भी समझना होगा जलवायु परिवर्तन कोई ऐसी जंग नहीं जिसे देश की सीमा पर सेना भेजकर जीत लिया जाए, बल्कि ऐसी जंग है जिसमें दुश्मन हमारे ही भीतर बैठा है जिसे निजी व्यवहार को बदले बिना नहीं जीता जा सकता।



## राशिफल

**मेष राशि :** करियरः आज कार्यक्षेत्र में तनाव रह सकता है, संयम रखें. बिजनेसः व्यापार में उतार-चढ़ाव रहेगा, निवेश सोच-समझकर करें.धनः धन हानि से बचने के लिए सोच-समझकर खर्च करें. शिक्षाः एकाग्रता की कमी रह सकती है, ध्यान केंद्रित करें. लव/पारिवारिकः पारिवारिक विवाद से मन अशांत रहेगा, धैर्य रखें.

**वृषभ राशिः** करियरः करियर में सकारात्मक बदलाव आएंगे, नए अवसर मिलेंगे. बिजनेसः व्यापार में नए साझेदार मिल सकते हैं.धनः आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लाभ मिलेगा. शिक्षाः विद्यार्थी नई दिशा में सोच सकते हैं.

**मिथुन राशिः** करियरः दिन सकारात्मक रहेगा, मनचाहा कार्य मिलेगा. बिजनेसः लाभ के योग हैं, नई पार्टनरशिप शुरू हो सकती है. धनः आमदनी में बढ़ोतरी के संकेत हैं. शिक्षाः कठिन विषयों में सफलता मिलेगी. लव/पारिवारिकः धार्मिक यात्रा संभव है, मन प्रसन्न रहेगा.

**कर्क राशिः** करियरः यात्रा के योग हैं, लेकिन कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनाए रखें. बिजनेसः पार्टनर से धोखा मिल सकता है, सतर्क रहें.धनः आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा.शिक्षाः अध्ययन में रुचि घट सकती है.

**सिंह राशिः** करियरः नौकरी के प्रयास सफल होंगे, नई जिम्मेदारियाँ मिलेंगी. बिजनेसः व्यापार में अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है. धनः रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा.शिक्षाः प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी.लव/पारिवारिकः पारिवारिक सहयोग मिलेगा, रिश्तों में मिठास बढ़ेगी.

**कन्या राशिः** करियरः दिन सामान्य रहेगा, जिम्मेदारियों में वृद्धि हो सकती है. बिजनेसः बड़ा निवेश न करें, सोच-समझकर निर्णय लें.धनः आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो सकती है. शिक्षाः एकाग्रता में गिरावट रहेगी, संयम रखें.

**तुला राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र में बाधाएँ आ सकती हैं, धैर्य रखें. बिजनेसः बनता काम बिगड़ सकता है, सतर्क रहें. धनः आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है.शिक्षाः ध्यान भटक सकता है, आत्मसंयम रखें. लव/पारिवारिकः पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो सकता है.

**वृश्चिक राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र में बदलाव न करें, स्थिरता बनाए रखें. बिजनेसः व्यापार में घाटा संभव है, सावधान रहें.धनः आर्थिक हानि के योग बन रहे हैं. शिक्षाः प्रयासों के बावजूद मन कम लगेगा.

**धनु राशि :** करियरः षड्यंत्र से सावधान रहें, कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा. बिजनेसः नुकसान संभव है, सोच-समझकर निर्णय लें.धनः आर्थिक हानि हो सकती है, बजट बनाकर चलें. शिक्षाः विदेश शिक्षा के योग बन सकते हैं.

**मकर राशिः** करियरः बदलाव के योग हैं, लेकिन आज निर्णय न लें.बिजनेसः बड़े जोखिम से बचें.धनः धन हानि के योग हैं. शिक्षाः पढ़ाई से मन भटक सकता है. लव/पारिवारिकः विरोध की स्थिति बन सकती है. उपायः काली चीजों का दान करें. लकी कलरः भूरा लकी नंबरः 10

**कुंभ राशि :** करियरः दिन सकारात्मक रहेगा, रुके कार्य पूरे होंगे. बिजनेसः बड़ी सफलता मिल सकती है, नई साझेदारी संभव है. धनः आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी. शिक्षाः नई जानकारी प्राप्त होगी, आत्मविश्वास बढ़ेगा. लव/पारिवारिकः मांगलिक कार्य के योग हैं. उपायः कुँवारी कन्या को उपहार दें. लकी कलरः बैंगनी लकी नंबरः 11

**मीन राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र में हानि की संभावना है, सतर्क रहें. बिजनेसः बड़ा ऑफर हाथ से निकल सकता है. धनः वित्तीय स्थिति डगमगा सकती है. शिक्षाः मानसिक तनाव के कारण पढ़ाई में रुकावटें आएंगी. लव/पारिवारिकः मित्र से विवाद हो सकता है. उपायः मछलियों को आटा खिलाएं. लकी कलरः सिल्वर

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

## अपनी तकदीर बदलने वाली महिलाएं, दीदी की दुकान महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय

हाल की रिपोर्टों में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ने की बात सामने आई है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दीदी की दुकान पहल महिलाओं को उद्यमशीलता का प्रशिक्षण दे रही है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। इन दुकानों पर रोजमर्रा के सामान के साथ महिलाओं की जरूरत की चीजें भी मिलती हैं हाल की कई रिपोर्ट में यह बात आई है कि देश में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ा है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 37 प्रतिशत हो गई। यह बढ़त मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रमुख कारण महिलाओं के आत्मनिर्भर होने और किसी न किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना समझा जाता है। इन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पिछले दस वर्षों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सशक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का गजरौला ब्लाक इन तथ्यों की पुष्टि कर रहा है। यहां पिछले दो वर्ष से दीदी की दुकान पहल के अंतर्गत चयनित एसएचजी की महिलाओं को व्यवसाय एवं उद्यमशीलता में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कई उद्यमी दीदी अपनी दुकान चला रही हैं। बी-एबल फाउंडेशन की एक परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संगठित एसएचजी से इन महिलाओं को चुना गया। अन्य महिलाएं भी इस पहल का हिस्सा हैं, जो किसी एसएचजी से नहीं जुड़ी हुई हैं। दीदी की दुकानों की खास बात यह है कि परचून और रोजमर्रा के राशन के सामान के साथ-साथ इनमें महिलाओं की जरूरतें संबंधी वस्तुएं भी मिलती हैं। इन दुकानों में सैनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लड़कियां, महिलाएं बिना हिचक खरीदती हैं। इन दुकानों पर रंग बिरंगी



चूड़ियां, राखियां, सिलाई-कढ़ाई आदि के सामान भी खूब मिलते हैं। एक दीदी की दुकान में फ्रिज होने से कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत और डेरी का सामान है। कई दुकानों में गिफ्ट आइटम भी बिकते हैं। इन दुकानों को कुछ निजी कंपनियों ने अलमारी, रैक और काउंटर टेबल अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व-सीएसआर के तहत उपलब्ध कराए हैं। कई उद्यमी दीदी महीने में 20 से 25 हजार रुपये कमा लेती हैं। इस पहल के अंतर्गत दीदियों को इसके लिए प्रोत्साहित किया गया है कि वे हर प्रकार का सामान अपनी दुकानों पर रखें, ताकि गांव वालों को न तो साप्ताहिक हाट-बाजारों पर निर्भर रहना पड़े और न ही शहर पर। इस योजना से सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि महिलाएं आगे आकर दुकानों का कारोबार संभाल रही हैं, जो एक जमाने तक सिर्फ पुरुषों का ही व्यवसाय माना जाता था। इससे कई प्रकार की लैंगिक रूढ़िवादिताएं बदली हैं। अब न केवल महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं, बल्कि उनकी सामाजिक गतिशीलता में भी बदलाव आया है। स्वयं सहायता समूहों और उद्यमता से सशक्त हो रही महिलाएं बताती हैं कि उन्हें एक नई पहचान मिली है और अब उनकी भी एक आइडेंटिटी है। यह एक बड़ा बदलाव है। तमाम रिसर्च बताती हैं कि इस तरह की पहल से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है। जैसे कि एक दीदी बताती हैं कि पहले वे अपने घर से बाहर नहीं निकलती थीं, पर अब उनकी दुकान गांव का एक अहम लैंडमार्क बन गई है। यदि किसी को आनलाइन या डाक से कुछ मंगवाना हो तो वह दीदी की दुकान के पते पर पहुंच जाता है। इस तरह ये दीदियां सिर्फ गांव की जरूरतें ही नहीं, बल्कि एक प्रकार से गांव की आकांक्षाओं और आर्थिक सशक्तीकरण की ब्रांड एंबेसडर जैसी बन गई हैं। इस प्रोजेक्ट को यूनिसेफ की भी मदद मिल रही है। जैसे प्रत्येक माह सबसे अधिक बिक्री करने वाली दीदी को बैटरी से चलने वाला एक पंखा यूनिसेफ के सौजन्य से भेंट किया जाता है। अगले कुछ महीनों में यूनिसेफ और ग्रामीण विकास मंत्रालय की मदद से इस प्रोजेक्ट को और राज्यों में शुरू किया जाएगा, जिसमें कंप्यूटर दीदी सेंटर्स की भी शुरूआत होगी। अन्य राज्यों में भी ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जैसे झारखंड आजीविका की दीदी की दुकान, बिहार में दीदी की रसोई। कर्नाटक में नारी उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए सहगल फाउंडेशन के अंतर्गत अमृत स्टाल चलाए जा रहे हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित हैं। महिला उद्यमिता की ऐसी योजनाएं लैंगिक समानता एवं सतत विकास लक्ष्य पांच के तहत सुचारु रूप से अपना योगदान दे रही हैं, लेकिन कुछ बिंदुओं पर और काम हो सकता है। अभी बी-एबल फाउंडेशन इन सभी दीदियों को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता आदि की ट्रेनिंग देता है, लेकिन इस पर और काम किया जा सकता है। महिलाओं को और अधिक डिजिटल प्रशिक्षण दिलवाया जा सकता है। इन दुकानों पर खिलौने रखे जा सकते हैं, जिससे मेक इन इंडिया, वोकल फार लोकल जैसी योजनाओं को और मजबूती मिले। हस्तशिल्प और वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के ऐसे उत्पाद भी इन दुकानों पर रखे जा सकते हैं, जिनकी ग्रामीण इलाकों में मांग हो। महिलाओं को अधिक लोन सुविधाओं से जोड़ा जाना चाहिए। एक अहम मुद्दा जंक फूड से जुड़ा है। इन दुकानों पर मोटे अनाज से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थ रखे जा सकते हैं।

## चातुर्मास में भगवान विष्णु एवं महादेव शिव की उपासना

(अंजनी सक्सेना)

चातुर्मास यानि आषाढ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक का समय सब पापों का नाश करने वाला है। स्कंद ?पुराण में कहा गया है कि इस अवधि में जो भी मनुष्य भगवान शिव अथवा विष्णु या दोनों को अपने हृदय में स्थापित करके अभेद बुद्धि से उनका चिंतन, स्मरण एवं उपासना करता है वह मनुष्य सब पाप कर्मों से मुक्त हो जाता है तथा उसके लिए अपना शत्रु भी अत्यंत प्रिय हो जाता है। चातुर्मास में भगवान विष्णु एवं महादेव शंकर का व्रत करने वाला मनुष्य उत्तम माना गया है। इस अवधि में भगवान विष्णु की शालग्राम स्वरूप ,भगवान शिव की नर्मदेश्वर स्वरूप और दोनों की संयुक्त रूप से हरिहर स्वरूप में आराधना करने का विधान है। चातुर्मास में भगवान श्री हरि विष्णु की एवं देवाधिदेव महादेव की भक्ति करना श्रेयस्कर माना गया है । चातुर्मास में स्नान का भी महत्व है। स्कंद पुराण के अनुसार चातुर्मास में नदी में स्नान करने वाले को सिद्धि प्राप्त होती है। झरने, तालाब या बावड़ी में स्नान करने वाले के हजारों पाप तत्काल नष्ट हो जाते हैं। जो मनुष्य चातुर्मास में पुष्कर, प्रयाग या किसी और महातीर्थ के जल में स्नान करता है उसके पुण्यों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। नर्मदा नदी, सरस्वती नदी या समुद्र संगम में यदि कोई व्यक्ति चातुर्मास में एक दिन स्नान कर ले तो उसके समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं। जो व्यक्ति चातुर्मास में नियम से एकाग्रचित्त होकर तीन दिन भी नर्मदा स्नान कर लेता है तो उसके पाप के हजारों लाखों टुकड़े हो जाते हैं। जो मनुष्य सूर्योदय के समय चातुर्मास में पंद्रह दिन निरंतर गोदावरी नदी में स्नान करता है वह इस लोक में सारे सुख पाकर भगवान विष्णु के धाम जाता है। जो मनुष्य तीर्थस्थल न जा सके वह भी यदि तिल एवं आंवला मिश्रित जल या फिर जल में बिल्व पत्र डालकर स्नान करें तो उनके भी समस्त पापों का शमन हो जाता है। बिना स्नान के इस अवधि में कोई कार्य नहीं करना चाहिए। बिना स्नान किए जो भी पुण्य कर्म एवं शुभकर्म किए जाते हैं वे निष्फल हो जाते हैं। ऐसे में किए गए सभी पुण्य कार्यों का फल राक्षसों द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है। चातुर्मास में स्नान के अंत में भगवान श्री हरि का स्मरण करके पित्रों का तर्पण करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है। पित्र तर्पण के बाद षोडशोपचार से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। भगवान के शयन करने पर उनकी षोडशोपचार पूजा महातप के समान मानी जाती है। भगवान विष्णु की प्रतिमा या शालग्राम शिला स्थापित कर के यजुर्वेद के सोलह ऋचाओं वाले महासूक्त पुरुषसूक्त की प्रथम ऋचा?सहस्राशीर्षा पुरुषः?मंत्र के आदि में ऊंकार जोड़कर भगवान श्री हरि का आवाहन किया जाता है। दूसरी ऋचा 'पुरुष एवेदम्' से श्री हरि को आसन समर्पित किया जाता है। तीसरी ऋचा से पाद्य, चौथी ऋचा से अर्घ्य, पांचवी ऋचा से आचमन, छठी ऋचा से स्नान कराकर पुनः आचमन करना चाहिए। सातवीं ऋचा से भगवान श्री हरि को वस्त्र, आठवीं से यज्ञोपवीत, नौवीं ऋचा से चंदन, दसवीं से पुष्प, ग्यारहवीं से भगवान श्री हरि को धूप अर्पित करना चाहिए। चातुर्मास में भगवान श्री हरि को कपूर, चंदन दल, मिश्री, मधु (शहद) और जटामासी से युक्त अगरु की धूप अर्पित करना चाहिए। बारहवीं ऋचा से भगवान श्री हरि को दीपदान करना चाहिए। चातुर्मास में जो मनुष्य भगवान विष्णु के आगे दीपदान करता है उसके सारे पाप क्षणभर में जलकर भस्म हो जाते है। दीपदान के बाद तेरहवीं ऋचा के साथ भगवान विष्णु को अन्न युक्त नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। चौदहवीं ऋचा से आरती करके पंद्रहवी ऋचा द्वारा ब्राह्मणों के साथ भगवान के चारों ओर घूमकर परिक्रमा करनी चाहिए। अंत में सोलहवीं ऋचा द्वारा भगवान विष्णु के साथ अपनी एकता का चिंतन करना चाहिए।

# रायगढ़ किले के तट पर देखी गई संदिग्ध पाकिस्तानी नाव, सुरक्षा एजेंसियों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित ऐतहासिक किले से लगी समुद्री जल क्षेत्र में संदिग्ध नौका के होने की घटना सामने आई है। इस भारतीय नौसेना के रडार ने स्पॉट किया। इसके बाद से इस नौका की खोजबीन की जा रही है। संदिग्ध नौका को देखे जाने के बाद सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

पुणे/रायगढ़: महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक संदिग्ध नाव को देखे जाने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह नाव रायगढ़ किले से लगे समुद्री क्षेत्र मे दिखाई दी। सुरक्षा एजेंसियों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। संदिग्ध नाव के पाकिस्तान बोट होने की संभावना है, जो मछली पकड़ने वाली हो सकती है। 2008 मुंबई हमले को इतिहास को देखते सुरक्षा एजेंसियों को इस घटना के बाद अलर्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार रात महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में रेवदंडा तट के पास देखी गई थी। इसके संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव होने की संभावना है। संदिग्ध नाव को कोरलाई तट से लगभग दो समुद्री मील दूर देख गया। बढ़ाई गई सुरक्षा, अलर्ट पर रायगढ़एक अधिकारी ने पीटीआई के अनुसार कहा कि एहतियात के तौर पर जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और इलाके में पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। इतना ही नहीं इस घटना के बाद पुलिस और समुद्री सुरक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ाते हुए नाव की तलाश शुरू की। रायगढ़ पुलिस, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी), बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस), नौसेना और तटरक्षक बल के कर्मी रात में ही मौके पर पहुंच गए। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आंचल दलाल और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए तट पर पहुंचे।

# भाषा विवाद के बीच आया दिवंगत शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे का पुराना वीडियो, कहा- मैं मराठी हो सकता हूं लेकिन...'

**महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच दिवंगत शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वे कह रहे हैं कि मैं महाराष्ट्र में मराठी हो सकता हूं, लेकिन भारत में हिंदू हूं।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई: महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच दिवंगत शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वे कह रहे हैं कि मैं महाराष्ट्र में मराठी हो सकता हूं, लेकिन भारत में हिंदू हूं। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है जब उनके बेटे उद्धव ठाकरे , भतीजे राज ठाकरे और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के बीच हिंदी को 'थोपने' के खिलाफ राज्य की भाषा की प्रधानता को लेकर विवाद चल रहा है। इस पूरे मामले में मराठी भाषा को प्राथमिकता देने की बात हो रही है।

## वीडियो में क्या है?

यह वीडियो एक्स को पोस्ट किया गया। इससे कुछ घंटे पहले ही उद्धव और राज ठाकरे मुंबई में एक 'विजय रैली' में साथ आए थे। दोनों चचेरे भाई राज्य सरकार को प्राथमिक स्कूल के छात्रों के लिए हिंदी को डिफॉल्ट भाषा बनाने के आदेश को वापस लेने पर 'जश्न' मना रहे थे। दरअसल उद्धव ठाकरे अपने पिता की राजनीतिक विचारधारा के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में उनकी लड़ाई एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के खिलाफ है। जो कि अलग होकर बीजेपी सरकार में शामिल हो गए थे। माना जा रहा है कि राज और उद्धव मुंबई नगर निकाय चुनाव एक साथ लड़ेंगे।

## उद्धव ने क्या कहा?

उद्धव ठाकरे ने अपने पिता के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि उनके चचेरे भाई और वह बीजेपी को 'लोगों पर हिंदी थोपने' नहीं देंगे। उन्होंने सभी मराठी लोगों के बीच एकता का आह्वान किया। राज ठाकरे ने और भी कड़े शब्दों में कहा कि महाराष्ट्र को छूने की कोशिश करो और देखो क्या होता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार की तीन-भाषा नीति- जो 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है और जिसने तमिलनाडु में भी राजनीतिक और भाषाई विरोधों को जन्म दिया है। मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की योजना का अग्रदूत थी। 'मराठी बोलो' विवाद'मराठी बोलो' विवाद को तब और हवा मिली जब राज्य सरकार ने अप्रैल में एक आदेश जारी कर कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य कर दिया। मराठी समर्थक समूहों ने इसे 'हिंदी थोपना' बताया और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। पिछले महीने आदेश में संशोधन किया गया ।

फास्ट ट्रैक

# चालीसगांव, जामधा, शिरुद और धुले स्टेशनों पर सीएसएमटी-धुले एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ट्रेन संख्या 11011 सीएसएमटी-धुले एक्सप्रेस अब दिनांक 15.07.2025 से संशोधित समय पर चालीसगांव, जामधा शिरुद और धुले स्टेशनों पर पहुंचेगी।

विवरण निम्नानुसार है:

चालीसगांव में 19.10 बजे के बजाय 18.55 बजे आगमन,

जामधा में 19.30 बजे के बजाय 19.15 बजे आगमन

शिरुद में 20.06 बजे के बजाय 19.44 बजे आगमन

धुले में 20.55 बजे के बजाय 20.25 बजे आगमन

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इसे ध्यान में रखें।

विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के प्रस्थान से 8 घंटे पहले जारी किया जाएगा

## यात्रियों की सुविधा के लिए चार्टिंग समय में संशोधन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और उन्हें अपनी यात्रा की बेहतर तरीके से योजना बनाने में मदद करने के लिए, रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षण चार्ट तैयार करने और जारी करने के समय में संशोधन करने का निर्णय लिया है।

वर्तमान में आरक्षित यात्रियों के नाम, कोच और बर्थ विवरण की जानकारी वाले आरक्षण चार्ट प्रारंभिक स्टेशन या दूरस्थ स्थान स्टेशन से ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 4 घंटे पहले तैयार और जारी किए जाते हैं। रेलवे बोर्ड के निदेर्शों के अनुसार, दिनांक 10.07.2025 से, ट्रेन का पहला आरक्षण चार्ट अब ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 8 घंटे पहले (पहले 4 घंटे के बजाय) तैयार किया जाएगा।

संशोधित चार्टिंग समय के अनुसार:

05:00 बजे से 14:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट पिछले दिन 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा।

14.00 बजे से 05.00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

दूसरे आरक्षण चार्ट के लिए मौजूदा प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं होगा, जो मौजूदा प्रावधानों के अनुसार जारी रहेगा।

अंतिम आरक्षण चार्ट ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 30 मिनट पहले तैयार किया जाना जारी रहेगा।

यात्री अंतिम चार्ट तैयार होने से पहले खाली बर्थ बुक कर सकेंगे।

यात्री कृपया चार्टिंग समय में हुए बदलाव पर ध्यान दें।

इस कदम से यात्री अपनी यात्रा की योजना बेहतर तरीके से बना सकेंगे और बोर्डिंग स्टेशनों तक पहुँचने के लिए अंतिम घंटों की भीड़ से बच सकेंगे।

यह सक्रिय कदम भारतीय रेलवे की यात्री सेवाओं और परिचालन तत्परता को सुव्यवस्थित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे कर्मचारियों और यात्रियों दोनों को लाभ होगा।

# नशे में धुत, अधनंगा, मराठी महिला से गाली गलौज, मनसे नेता के बेटे की करतूत पर संजय निरुपम ने राज ठाकरे को घेर लिया-वीडियो

**मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता के बेटे द्वारा नशे की हालत में एक महिला की कार को टक्कर मारने पर राजनीतिक गरमा गई है। संजय निरुपम ने इस मुद्दे पर मनसे और राज ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। निरुपम ने पूछा है क्या इसीलिए हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं?**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई: महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता के नाम पर उद्धव ठाकरे से हाथ मिलाने के बाद सुर्खियों में आर राज ठाकरे के ऊपर संजय निरुपम ने बड़ा हमला बोला है। मुंबई के अंधेरी इलाके मे राखी सांवत की पूर्व दोस्त राजश्री मोरे के साथ मनसे नेता की गालीगलौच पर निरुपम ने सीधे मनसे को घेरा है। संजय निरुपम ने एक्स पर लिखा है कि नशे में धुत। अधनंगा। एक मराठी भाषिक महिला के साथ गाली-गलौज करता हुआ मनसे का नेता पुत्र। ऊपर से अपने बाप के रसूख की धौंस दे रहा है। मराठी स्वाभिमान की रक्षा करने का दावा करनेवालों का असली चेहरा देखिए। क्या इन्हीं मुसलमानों के दबाव में मनसेवाले हिंदुओं पर हमले कर रहे हैं? मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## क्या है पूरा मामला?

राखी सांवत की पूर्व दोस्त राजश्री ठाकरे का आरोप है कि अंधेरी इलाके में उनकी कार एक युवक ने टक्कर मारी। नशे में धुत युवक ने बाद में पिता के मनसे का उपाध्यक्ष होने की बात कहकर धौंस भी दी। राजश्री मोरे के अनुसार इस दौरान युवक ने कपड़े नहीं पहन रखे थे। राजश्री मोरे सोशल इंफ्लुएंसर भी हैं। राजश्री मोरे की कार को टक्कर मारने का आरोपी मनसे नेता जावेद शेख का बेटा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लड़के की पहचान राहिल जावेद शेख के तौर पर हुई है। मनसे नेता जावेद शेख के बेटे राहिल जावेद शेख द्वारा कथित तौर पर राजश्री मोरे से कथित तौर दुर्व्यवहार किए जाने के बाद मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

## टक्कर मारी फिर धौंस दिखाई

अभिनेत्री राखी सावंत की करीबी दोस्त राजश्री मोरे ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दिखाया गया है कि राहिल जावेद शेख ने उनकी कार में टक्कर मारी। टक्कर के बाद राहिल अपनी गाड़ी से बाहर निकले और राजश्री से उनकी तीखी बहस हुई। वीडियो में राजनेता का बेटा अर्धनग्न दिखाई दे रहा है और शराब के नशे में लग रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। राजश्री ने राहिल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि घटना के दौरान उन्हें डर लग रहा था।

# आईआरसीटीसी का कन्फर्म टिकट के साथ रेल टूर पैकेज

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**





भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC), भारत सरकार की नवरत्न कंपनी है, 1999 में स्थापित, IRCTC ने पिछले 25 वर्षों में भारत में रेल पर्यटन परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशाल रेलवे नेटवर्क का लाभ उठाकर और क्यूरेट टूर सेवाओं के साथ इसे मिलाकर,IRCTC पेशेवर, बजट के अनुकूल और सुव्यवस्थित पर्यटन में अग्रणी के रूप में उभरा है।देश के कुछ सबसे अधिक मांग वाले गंतव्यों के लिए कन्फर्म ट्रेन टिकटों के साथ साप्ताहिक रेल टूर पैकेज की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत है।

IRCTC वेस्ट जोन (मुंबई) वर्तमान में मुंबई से उत्पन्न होने वाले 10 रेल टूर पैकेजों का संचालन करता है, जो पर्यटकों को शिमला -मनाली, वैष्णोदेवी, इंदौर, उज्जैन, हैदराबाद, द्वारका, सोमनाथ, शिर्डी, कोल्हापुर, केवडिया, ओंकारेश्वर,ग्वालहेर, खजुराहो तिरुपति इस तरह के प्रतिष्ठित तीर्थस्थान और पर्यटन स्थलों को जोड़ता है।

ये पैकेज कवर करता है:

आध्यात्मिक हब: माता वैष्णोदेवी, तिरुपति बालाजी, महाकलेश्वर, द्वारकधिश मंदिर, सोमनाथ, साईं बाबा मंदिर, ओमकारेश्वर, घिरिशनेश्वर, महालक्समी मंदिर, और नागेश्वर।

एतिहासिक और विरासत गंतव्य: कुफरी, शिमला की मॉल रोड, अजंता -एलोरा गुफाएं, महेश्वर, राजवाड़ा पैलेस (इंदौर), जय विलास पैलेस (ग्वालियर), खजुराहो मंदिर, ग्वालियर फोर्ट, और न्यू पैलेस संग्रहालय (कोल्हापुर)।

प्रत्येक पैकेज में शामिल हैं:

स्लीपर, 3AC, या 2AC श्रेणियों में ट्रेन टिकट कन्फर्म, डीलक्स होटल में आवास

स्थानीय स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थलों के लिए एसी वाहन

यात्रा कार्यक्रम के अनुसार भोजन, यात्रा बीमा, सभी करों का समावेशी

ये पैकेज 1 रात/2 दिन से लेकर 7 रात/8 दिन तक के हैं, जो विभिन्न यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यात्री मुंबई से और यात्रा कार्यक्रम के अनुसार रास्ते में पड़ने वाले चुनिंदा स्टेशनों से भी ट्रेन में चढ़ सकते हैं।

आईआरसीटीसी वेस्ट जोन के ग्रुप जनरल मैनेजर श्री गौरव झा ने कहा कि हमारे रेल टूर पैकेज को सहज और किफायती यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रति व्यक्ति (ट्विन शेयरिंग) केवल 8,599 से शुरू होने वाली कीमतों के साथ, ये टूर तीर्थयात्रियों, परिवारों और यात्रियों के लिए समान रूप से आदर्श हैं। सप्ताह के विभिन्न दिनों में टूर प्रस्थान उपलब्ध हैं, और यात्रा से 5 दिन पहले तक बुकिंग की जा सकती है, जो अंतिम समय में योजना बनाने वालों के लिए बहुत लचीलापन प्रदान करता है।

# उत्तर भारतीय समाज' एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का स्नेह - मिलन समारोह

## बाटी - चोखा कार्यक्रम उल्लासपूर्वक सम्पन्न

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुम्बई। उत्तर भारतीय समाज का स्नेह मिलन,सम्मान समारोह कल्याण के सोनावणे कॉलेज में आयोजित किया गया। डॉ विजय पंडित की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों उत्तर भारतीय समाज बंधुओं ने भाग लिया। वर्तमान परिस्थिति में जब भाषा को लेकर विवाद जोरों पर है, तब हम उत्तर भारतीयों को संगठित रह कर संयम से काम लेना चाहिये और कोई भी उत्तेजित होकर भड़काऊ बयान नही देना है ।ऐसा विचार डॉ विजय पंडित ने प्रगट किया। वरिष्ठ समाजसेवक अरुण दूबे -माटुंगा का उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यो के लिए विशेष सम्मान किया गया।सृजन संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र पांडेय ने समाज के दुर्बल घटक की मदद करने का आह्वान किया। विश्व ब्राह्मण समाज के महामंत्री मुरलीधर तिवारी ने युवा वर्ग के लोगों को नशे से बचने की सलाह दी। रिटेल मर्चेंट्स असोसिएशन के अध्यक्ष हृदय पंडित ने सभी मान्यवरों का स्वागत किया। वरिष्ठ समाज सेवक दिनेश दूबे वरिष्ठ बीजेपी नेता अजय मिश्रा,प्रदीप तिवारी,सच्चिदानंद पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष परिश्रम लिया। आभार प्रदर्शन मुरलीधर तिवारी ने किया।

# समलैंगिक रिश्ते का सनसनीखेज अंत, मुंबई में युवक ने अपने 16 साल के एक्स ब्वॉयफ्रेंड को कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर मार डाला

**मुंबई में एक 19 साल के युवक की ओर से अपने 16 वर्षीय दोस्त को जहर देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दोनों के बीच प्रेम संबंध पारिवारिक विरोध के कारण टूट गया था। युवक ने नाबालिग लड़के को जहर देकर उसकी जान ले ली।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई: मुंबई में एक 19 साल के युवक की ओर से अपने 16 वर्षीय दोस्त को जहर देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना किशोरों के बीच समलैंगिक प्रेम संबंध के कारण हुई। बताया जाता है कि पारिवारिक दबाव के कारण दोनों के बीच प्रेम संबंध टूट गया। युवक की ओर से दिए गए कोल्ड ड्रिंक को पीने के बाद नाबालिग लड़का बेहोश होकर बिस्तर पर गिर गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है। शुरूआत में मृतक और आरोपी के बीच सटीक संबंध को लेकर भ्रम था। लेकिन आगे की जांच में पता चला है कि दोनों के बीच समलैंगिक संबंध थे।


**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **अ.क्र. : 1. निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/141, दिनांक : 04/07/2025. कार्य व स्थान** : (i) सूरत : सिक लाइन शेड, फर्श व संबंधित ढांचागत सुविधाओं में सुधार कार्य. (ii) जोरावासन–सूरत : 2 वर्षों की अवधि हेतु एडीईएन/एसटी अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जल निकासी प्रणाली की सफाई व अनुरक्षण का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,72,82,801.75/-. **ईएमडी** : रु. 386400.00/- . **अ.क्र. : 2. निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/142 दिनांक : 04/07/2025. कार्य व स्थान** : (1) उधना–उकाई सोनगढ़ अनुभाग : एडीईएन/वीवाईए क्षेत्राधिकार के अंतर्गत व्यारा व उकाई सोनगढ यार्ड में सुधार एवं उन्नयन कार्य. (2) उधना–उकाई सोनगढ अनुभाग : एडीईएन/वीवाईए क्षेत्राधिकार के अंतर्गत बारडोली व चलथाण यार्ड में सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में ट्रैक कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 3,28,19,281.41/–, **ईएमडी** : रु. 314100.00/– . उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: **प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय** : 29.07.2025 को 15.00 बजे तक, **खोलने की तिथि व समय** : 29.07.2025 को 15.30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0366

Like us on : facebook.com/WesternRly


# आषाढ़ी एकादशी 2025 के लिए पंढरपुर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मध्य रेल के सोलापुर मंडल की व्यापक व्यवस्था

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



वार्षिक आषाढ़ी एकादशी मेले 2025 के दौरान पंढरपुर आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने व्यापक और समन्वित उपाय किए हैं। दस दिवसीय आषाढ़ी मेला 1 जुलाई 2025 को शुरू हुआ और 10 जुलाई 2025 तक जारी रहेगा, जिसमें मुख्य आयोजन-आषाढ़ी एकादशी- 6 जुलाई 2025 को होगी। इस अवधि के दौरान 15 से 16 लाख से अधिक भक्तों के पंढरपुर आने की उम्मीद है, जिनमें से 2 लाख से अधिक भक्तों के देश के विभिन्न हिस्सों से ट्रेन से यात्रा करने की संभावना है। इस तीर्थयात्रा के बड़े पैमाने को देखते हुए, रेल ने ट्रेन सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की है। नियमित दैनिक और साप्ताहिक ट्रेनों के अलावा, मंडल 1 से 10 जुलाई 2025 तक आषाढ़ी स्पेशल ट्रेनों की 119 ट्रिप संचालित कर रहा है, जिससे पंढरपुर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम और समय पर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। सोलापुर मंडल के रेल अधिकारी पंढरपुर स्टेशन पर डेरा डाले हुए हैं, जिसमें वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम), मंडल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (डीईई), आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त (डीएससी) और सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) शामिल हैं।

पंढरपुर स्टेशन पर यात्री-केंद्रित व्यवस्था

सोलापुर मंडल ने यात्रियों की बड़ी संख्या को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए पंढरपुर स्टेशन पर व्यापक ऑन-ग्राउंड व्यवस्था की है:

- मेला नियंत्रण कार्यालय: पंढरपुर स्टेशन पर एक केंद्रीकृत मेला नियंत्रण कार्यालय स्थापित किया गया है, जो वरिष्ठ रेल अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा चौबीस घंटे संचालित हो रहा है। नियंत्रण कार्यालय को सभी मेला-संबंधी व्यवस्थाओं की वास्तविक समय की निगरानी के लिए 62 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी की व्यवस्था है

- टिकट सुविधाएं: टिकट की बढ़ती मांग को देखते हुए, स्टेशन के प्रमुख क्षेत्रों में विशेष टिकट बुकिंग काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और मोबाइल यूटीएस डिवाइस तैनात किए गए हैं।

- सहायता डेस्क: यात्रियों की पूछताछ और मार्गदर्शन में सहायता के लिए 'क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूँ' डेस्क स्थापित किए गए हैं, जिससे समग्र यात्री अनुभव में वृद्धि होगी।

- टिकट जाँच कर्मचारी: टिकट जाँच, ट्रेन में चढ़ने और यात्रियों को मार्गदर्शन देने में सहायता के लिए सभी प्लेटफॉर्म पर टिकट जाँच कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

- बल की तैनाती: सुरक्षा सुनिश्चित करने, भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सहायता करने के लिए सभी प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है, खासकर व्यस्त घंटों के दौरान

- बहुभाषी घोषणाएँ: मराठी, कन्नड़ और हिंदी में बहुभाषी घोषणाएँ यात्रियों को ट्रेन के शेड्यूल और सुरक्षा दिशा-निर्देशों के बारे में सूचित रखेंगी

- सूचना बोर्ड और साइनेज: यात्रियों को स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर आसानी से नेविगेट करने में मदद करने के लिए डिजिटल ट्रेन सूचना बोर्ड और साइनेज लगाए गए हैं।

- भीड़ प्रबंधन: स्टेशन के भीतर प्रतीक्षा क्षेत्र और प्लेटफॉर्म के बाहर होल्डिंग जोन बनाए गए हैं, ताकि आश्रय, आराम और भीड़ को सुचारू रूप से तितर-बितर किया जा सके, खासकर भारी बारिश और भीड़ के घंटों के दौरान।

- चिकित्सा सहायता: सोलापुर के मंडल रेल अस्पताल से एम्बुलेंस और चौबीस घंटे उपलब्ध रहने वाले चिकित्सा कर्मचारियों से सुसज्जित एक आपातकालीन चिकित्सा कक्ष स्टेशन पर कार्यरत है, ताकि जरूरत पड़ने पर यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके।

- स्वच्छता: स्वच्छता संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अस्थायी शौचालय की सुविधा प्रदान की गई है

- नागरिक सुरक्षा: नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों को यात्रा संबंधी सहायता और सुरक्षित आवागमन में सहायता करने के लिए स्टेशन कर्मचारियों का समर्थन कर रहे हैं। सोलापुर मंडल द्वारा किए गए व्यापक उपाय सार्वजनिक सेवा और यात्री सुविधा के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। रेल अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के समन्वित प्रयास इस अवसर के दौरान पंढरपुर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# हां, मैं पाकिस्तान का भरोसेमंद एजेंट था, जब 26/11 का हमला हुआ..., मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का कबूलनामा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई: 26/11 मुंबई टेरर अटैक के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में मौजूद राणा से मुंबई क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। इसमें उसने कई अहम जानकारियां दी हैं। राणा पाकिस्तानी मूल का है और कनाडा का रहने वाला है। अमेरिका ने उसे अप्रैल 2025 में भारत को सौंप दिया था।राणा ने क्या बताया? तहव्वुर राणा ने पूछताछ में जानकारी दी है कि वह पाकिस्तानी सेना का भरोसेमंद एजेंट था।


**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी में आपातकालीन बैटरी चार्जर का प्रावधान**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2025-26/01, दिनांक : 01.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : दरों की अनुसूची और कार्य के विस्तार के अनुसार एलएचबी नॉन-एसी तथा एलएचबी एसी कोचेस में 4.5 केडब्ल्यू अंडर स्लंग कॉन्स्टेंट वोल्टेज रेग्युलेटेड सह आपातकालीन बैटरी चार्जर का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 16,23,666.40/-, **ईएमडी** : रु. 32,500/-. **जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 25.07.2025 को 12.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 25.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0363

Like us on : facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**स्वातंत्र्यवीर वी. डी. सावरकर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, मुलुंड (पूर्व), मुंबई – 400081**

**क्रमांक : एच/995 /ओडी/एमएचई दिनांक : 07.07.2025**

**सूचना**

माननीय मनपा आयुक्त की स्वीकृति अनुसार (क्रमांक : एमजीसी/एच/6646, दिनांक 30 मई 2025), बृहन्मुंबई मनपा द्वारा स्वातंत्र्यवीर वि. दा. सावरकर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, मुलुंड (पूर्व) हेतु 12 मल्टीपर्पज लेबर की 20 माह की अस्थायी संविदात्मक सेवा (हर 180 दिन के बाद एक दिन का अवकाश) के लिए पंजीकृत कंपनियों / एनजीओ से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

इच्छुक कंपनी / एनजीओ निर्धारित शुल्क रु.14,520/– तथा लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का नकद अथवा "बृहन्मुंबई महानगरपालिका" के नाम से बैंक डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) द्वारा भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं. यह भुगतान मनपा के नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) में 08.07.2025 से 17.07.2025 के बीच, प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक (साप्ताहिक तथा सरकारी अवकाश को छोड़कर) किया जा सकता है.

भरे हुए आवेदन को बंद लिफाफे में जमा करना आवश्यक है. निर्धारित नियमों व शर्तों के अनुसार चयनित कंपनी / एनजीओ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लॉटरी पद्धति से कार्य आवंटित किया जाएगा.

अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्रतिनिधि कार्यदिवसों में सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 17.07.2025 दोपहर 01:00 बजे तक

प्राप्त आवेदनों को खोले जाने की तिथि : 18.07.2025 सुबह 11:00 बजे

**पीआरओ/925/विज्ञा. /2025-26**

हस्ता./-

मुख्य चिकित्सा अधिकारी

स्वा. वि. दा. सावरकर मनपा अस्पताल, मुलुंड (पूर्व)

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

## अंबरनाथ के पूर्व उपनगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख के सौजन्य से मुहर्रम के आशूरे वाले दिन शरबत का वितरण किया गया।

### हजरत ईमाम हुसैन ने हक और ईमान के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया - अब्दुलभाई शेख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज का पवित्र महीना मुहर्रम चल रहा है। यह इस्लामी कैलेंडर हिजरी संवत का पहला महीना होता है। इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने इस महीने को अल्लाह का महीना कहा है। इस पवित्र माह की दस तारीख आशूरे वाले दिन ही हजरत मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने हक और ईमान की खातिर कर्बला के मैदान में अपनी शहादत दी थी। यह दिन तभी से मुस्लिम समाज में बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व उप नगराध्यक्ष और शिवसेना के वरिष्ठ नेता अब्दुलभाई शेख के सौजन्य से अंबरनाथ पश्चिम स्थित सिद्धार्थ नगर और कैलाश नगर में मुहर्रम के आशूरे वाले दिन रविवार 6 जुलाई को सैकड़ों लोगों को शरबत और नियाज का वितरण किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में समाजसेवक बख्तियार चौधरी, अकबर तांबोली, बिस्मिल्लाह शेख, फरीदा अंसारी, अस्मित गुप्ता, दिनेश जाधव, शादाब अंसारी, अब्दुल जलील खान आदि लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## येऊर में सभी गैर-आवासीय निमार्णों का सर्वेक्षण करने का मनपा आयुक्त ने दिए निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, मनपा आयुक्त सौरभ राव ने संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से सटे पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र येऊर में चल रहे सभी अनधिकृत गैर-आवासीय, व्यावसायिक निमार्णों का एक महीने के भीतर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है येऊर में अनधिकृत व्यावसायिक निर्माण में रात्रिभोज, शादी, पार्टी आदि जैसे समारोह होते हैं। देर रात तक तेज आवाज, लाउडस्पीकर, बैंड, पटाखे बजाए जाते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में ये सभी चीजें प्रतिबंधित हैं। इसलिए ठाणे मनपा ने तत्काल उन सभी चीजों को रोकने का निर्णय लिया है। इसके लिए आयुक्त राव ने स्पष्ट किया है कि मनपा पहले वहां अनधिकृत गैर-आवासीय व्यावसायिक निर्माण का सर्वेक्षण करेगी। मनपा क्षेत्र, विकास क्षेत्र और हरित क्षेत्र में अनधिकृत निमार्णों के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा मार्च 2025 में जारी परिपत्र में अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। क्षेत्र में अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है। शहर विकास विभाग ने येऊर में आवासीय निमार्णों की अनुमति दी है। इस सर्वेक्षण में यह भी जांच की जाएगी कि क्या यह निर्माण व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाता है। आयुक्त राव ने मनपा अधिकारियों को सभी अनधिकृत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करने के लिए नोटिस भेजने के निर्देश भी दिए हैं। येऊर में मनपा, वन विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जाएगा।उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार येऊर में अनधिकृत टर्फ के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसकी समीक्षा के लिए सोमवार दोपहर को माजीवडा स्थित मनपा के शहरी अनुसंधान केंद्र में बैठक आयोजित की गई। मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के उपसंचालक प्रदीप पाटिल, क्षेत्र वन अधिकारी मयूर सुरवसे, विधि अधिकारी मकरंद काले, याचिकाकर्ता रोहित जोशी, उपायुक्त दिनेश तायडे, उपायुक्त मधुकर बोडके, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान, सहायक आयुक्त (वर्तक नगर) विजय कावले आदि उपस्थित थे।येउर में 10 में से 08 अनधिकृत टर्फ पर कार्रवाई की गई है। दो टर्फ मालिकों ने 10 जुलाई तक स्वयं टर्फ हटाने पर सहमति जताई है। यदि वे इसे नहीं हटाते हैं तो मनपा इस पर भी कार्रवाई करेगी। इस टर्फ के अलावा याचिकाकर्ता रोहित जोशी ने इस बैठक में 02 और अनधिकृत टर्फ के बारे में जानकारी दी। मनपा ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ विशेष अभियान में उनमें से एक पर कार्रवाई की है। आयुक्त राव ने दूसरे टर्फ पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। साथ ही आयुक्त राव ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत टर्फ को जारी नहीं रखा जा सकता।

फास्ट ट्रैक

## गर्रा पुल से नदी में कूदा युवक

### दो घंटे से गोताखोर कर रहे तलाश, अब तक नहीं हो सकी पहचान



शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में राजघाट पुलिस चौकी के पास एक अज्ञात युवक ने गर्रा पुल से नदी में छलांग लगा दी। युवक पुल की रेलिंग पर चढ़ा और सीधा नदी के बीच गहरे पानी में कूद गया। पानी में गिरते ही वह डूब गया। घटना के समय पुल के पास सब्जी और फल के ठेले लगे थे। ठेला व्यापारियों ने युवक को कूदते देखा। इसके बाद वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से युवक की पहचान के बारे में पूछताछ की। लेकिन अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू करवाई। दो घंटे से लगातार तलाश जारी है, लेकिन अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है।

## केयरटेकर महिलाओं का विरोध

### कई महीनों से वेतन नहीं मिलने पर रामलीला मैदान में प्रदर्शन, ईएसआई-पीएफ की भी मांग



शाहजहांपुर, सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर महिलाओं ने वेतन न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। क्रांतिकारी मोर्चा से जुड़ी इन महिला पदाधिकारियों ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में नारेबाजी की। महिलाओं ने जिला प्रशासन को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वे पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभा रही हैं। लेकिन पिछले कई महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीधे खाते में भेजा जाए वेतन केयरटेकर महिलाओं की प्रमुख मांगें हैं कि वेतन सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाए। समय पर भुगतान किया जाए और मानदेय में वृद्धि की जाए। कुछ केयरटेकर का मानदेय कई वर्षों से रुका हुआ है। साथ ही उन्होंने ईएसआई और पीएफ की सुविधा भी मांगी है। संगठन ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि संबंधित विभाग को जल्द से जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए जाएं। प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मेडिकल कॉलेज में लापरवाही का आरोप

### 70 वर्षीय महिला की दो बार ऑपरेशन के बाद मौत

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुजवारी की रहने वाली चमेली (70) की रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। चमेली को 20 जून को पेट में दर्द और फूलन की शिकायत पर भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने आंत की समस्या बताते हुए पहला ऑपरेशन किया। मृतक के पुत्र अरविंद के अनुसार, पहला ऑपरेशन गलत तरीके से होने के बाद दूसरा ऑपरेशन किया गया। इसके बाद से महिला की हालत बिगड़ने लगी।

## अनधिकृत निर्माण से अधिकारी वसूलते हैं 300 रुपए प्रति वर्ग फुटः सुहास देसाइ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, ठाणे महानगरपालिका के अधिकारी शहर का विकास करने के बजाय पैसा कमाने की होड़ में लगे हैं। इसी कारण अनाधिकृत निर्माण बढ़ने लगे हैं और वर्तमान में अनाधिकृत निर्माण करने वाले बिल्डरों से 300 रुपए प्रति वर्ग फुट वसूले जा रहे हैं। ऐसा खुलासा राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के जिला अध्यक्ष सुहास देसाई ने किया है। इस बीच अतिक्रमण उपायुक्त शंकर पटोले कह रहे हैं कि ठाणे शहर में कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं हो रहा है। हालांकि, जिस इलाके में वे उपायुक्त हैं, वहां घनी आबादी वाला आरएमसी प्लांट कई वर्षों से चल रहा है। बी केबिन में आठ मंजिला विशाल टावर भी खड़ा किया गया है, ऐसा देसाई ने कहा है। सुहास देसाई ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ठाणे शहर में वर्तमान में चल रहे अनाधिकृत निमार्णों का खुलासा किया। इस अवसर पर कार्याध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महिला अध्यक्ष सुजाता घाग, प्रवक्ता रचना वैद्य, प्रदेश युवा महासचिव राजेश कदम, राजू चपले आदि उपस्थित थे। सुहास देसाई ने कहा कि खान कंपाउंड में कार्रवाई शुरू की गई है, जो ठाणे महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में है। यह कार्रवाई भी हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई है। आज जिन इमारतों को गिराया गया है। क्या अधिकारी खड़े होकर सो रहे थे, इस सवाल का कोई जवाब नहीं है और अधिकारियों की नजर में पैसा था। वर्तमान में बालकुम में पांच, ढोकली में बस्ती के सुविधा भूखंड पर चार, चराई में दो और लोकमान्य, वागले में कई अनधिकृत निर्माण चल रहे हैं। बी केबिन में आठ मंजिला टावर खड़ा किया गया है, जो उपयुक्त शंकर पटोले के अधिकार क्षेत्र में है। इन सभी निमार्णों के पीछे एकमात्र कारण अधिकारियों को मिलने वाले लाखों रुपये हैं। विशेष रूप से, इन संरचनाओं को गिराने के लिए लोगों के टैक्स के पैसे बर्बाद किए जा रहे हैं। इसीलिए देसाई ने मांग की है कि अनधिकृत निमार्णों को गिराने का खर्च संबंधित अधिकारियों से वसूला जाना चाहिए। इस बीच, साकेत में एक अवैध आरएमसी प्लांट लगाया जा रहा है और वहां से सामग्री बेची जा रही है। कहा गया है कि इस आरएमसी प्लांट का नक्शा शहरी विकास विभाग से स्वीकृत नहीं किया गया है। यानी यह स्पष्ट है कि यह प्लांट अनधिकृत है। इस संबंध में कई शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। देसाई ने यह भी आरोप लगाया कि इसके पीछे एक बड़ा आर्थिक कारण है। देसाई ने यह भी चेतावनी दी कि अगर आयुक्त आने वाले दिनों में जिस क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण चल रहे हैं, वहां के अधिकारियों और अतिक्रमण हटाने वाले विभाग के उपयुक्त को बर्खास्त नहीं किया तो शहर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## कासर वडवली फ्लाईओवर परियोजना से यातायात सुगमता में नया आयाम जुड़ा :प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, जिले की महत्वपूर्ण परिवहन परियोजनाओं में से एक कासर वडवली फ्लाईओवर परियोजना का पहला चरण अपने अंतिम चरण में है और कल से पुल यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनाईक ने दी है। मंत्री सरनाईक ने बताया कि कासर वडवली फ्लाईओवर के पहले चरण में कल से बायीं लेन यातायात के लिए खोल दी जाएगी। इस फ्लाईओवर पर 300 मिमी मोटी एम-40 ग्रेड सीमेंट कंक्रीट की परत है और पुल को मजबूत बनाने के लिए बीच में अंडरपास की सतह पर चद्दर की परत बिछाई गई है। इस फ्लाईओवर के निर्माण से ठाणे, मुंबई और नवी मुंबई के साथ-साथ जेएनपीटी, बोरीवली, वसई, विरार और गुजरात जाने वाले भारी वाहनों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही, गुजरात और जेएनपीटी के बीच यातायात के लिए बिना किसी बाधा के एक आसान मार्ग उपलब्ध होगा। इसके साथ ही वाशी, ठाणे, नवी मुंबई कार्यालयों में जाने वाले वाहनों के लिए एक अंडरपास का निर्माण होने से गायमुख से वाघबिल मार्ग पर यातायात की भीड़ कम होगी। इस बीच, विधानमंडल का सत्र चल रहा है। चूंकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे काम में व्यस्त हैं, इसलिए उनके सुझाव के अनुसार, कल दोपहर 2 बजे परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के शुभ हाथों से कासर वडवली फ्लाईओवर की दाहिनी लेन का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री सरनाईक ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में, मैंने व्यक्तिगत रूप से मांग की थी कि कासर वडवली, गायमुख और घोड़बंदर क्षेत्रों में फ्लाईओवर बनाए जाएं। तत्कालीन मुख्यमंत्री और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने इस परियोजना को मंजूरी दी थी। हालांकि, इस परियोजना के पूरा होने से घोड़बंदर मार्ग पर यातायात की भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।घोड़बंदर रोड पर भारी यातायात भार को देखते हुए फ्लाईओवर का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में, बाईं ओर (ठाणे से गायमुख तक) का निर्माण पूरा हो चुका है और कल से यातायात के लिए खुल जाएगा। दूसरे चरण में, दाईं ओर (गायमुख से ठाणे तक) निर्माण कार्य मानसून के बाद शुरू किया जाएगा।

## अंबरनाथ में स्कूल वैन से गिरकर दो नर्सरी के विद्यार्थी घायल

### वाहन चालक और दो केयरटेकर महिला कर्मचारी गिरफ्तार।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. अम्बरनाथ पश्चिम के कल्याण बदलापुर रोड पर एक स्तब्ध करने वाली घटना घटित हुई। यहां सोमवार सुबह चलती हुई स्कूल वैन से नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों के गिरने की घटना प्रकाश में आई है। बताते चले कि सोमवार को अंबरनाथ पश्चिम के फातिमा हाईस्कूल के नर्सरी के विद्यार्थियों को लाने ले जाने वाली निजी वैन विम्को नाका की दिशा में जाते हुए नेताजी मार्केट के पास चलती वैन की डिग्गी से दो बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बच्चों के सिर पर चोटे आई है। चालक को इसकी भनक भी नहीं लगी। पीछे आने वाले रिक्शाचालक ने बच्चों को उठाया और अस्पताल ले गया जहां बच्चों का उपचार किया गया। अवैध वाहन मानक से ज्यादा बच्चों को स्कूल वैन, रिक्शा आदि में भर कर ले जाते है जो अभिभावकों के लिए चिंता का विषय और बच्चों की सुरक्षा मानकों पर निरंतर खतरा बना रहता है। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए वाहन चालक और दो केयर टेकर महिलाओं पर अपराध दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने इस विषय में कहा कि इस प्रकरण की विशेष जांच की जाएगी और यदि जांच में संबंधित स्कूल प्रशासन के किसी सदस्य की भूमिका सिद्ध होती है तो स्कूल प्रशासन और संबंधित व्यक्ति पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। आरटीओ कार्यालय से भी इस प्रकरण पर जांच की जाएगी।

## लोन अदा नहीं करने पर किसान ने लगाई फांसी

### खेत बेचकर चुकाना चाहते थे रुपए, बेटे बोले- मेहनत कर अदा करेंगे लोन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, किसान ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रोजा थाना क्षेत्र के रहने वाले राजरूप के रूप में हुई है। राजरूप ने तीन साल पहले लोन लिया था। वह खेत बेचकर लोन अदा करना चाहते थे लेकिन बेटो ने खेत बेचने से कर दिया था। कहा था कि मेहनत करके लोन अदा करेंगे। बेटे ने कहा कि इसी डिप्रेशन में पिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना रोजा क्षेत्र के चरकुई गांव के रहने वाले 50 साल के राजरूप उर्फ पट्टे पंजाब में रहकर धान लगाने का काम करते थे। वह दो दिन पहले ही घर लौटे थे। गांव में उनके दो मकान हैं। एक मकान में उनकी पत्नी बच्चों के साथ रहती हैं। रविवार को राजरूप दूसरे मकान की टीन शेड में आए थे। यहां उन्होंने रात में किसी समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजन चाय के लिए उनको बुलाने गए तो उनका शव फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटे विनीत ने बताया कि उनके पास 15 बीघा खेत है। करीब तीन साल पहले उन्होंने करीब दो लाख रुपये का बैंक से लोन लिया था। कई बार बैंक वाले लोन अदा करने के लिए बोल चुके थे। घर भी आए थे। सात दिन पहले भी घर आकर बैंक कर्मियों ने लोन अदा करने के लिए कहा था। दो दिन पहले पंजाब से लौटे पिता को लोन अदा करने के लिए परिवार ने कहा तो पिता ने कहा कि खेत बेचकर लोन अदा करेंगे। बेटों ने खेत बेचने का विरोध किया था। बेटों ने कहा था कि खेत बेचकर नहीं बल्कि मेहनत करके लोन अदा करेंगे। इसके बाद इसी से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार ने कोई आरोप नही लगाया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को कुचला

### खेत में फसल की रखवाली के लिए जा रहे 65 वर्षीय किसान की मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान डींगुरपुर निवासी रामसरन के रूप में हुई है। रामसरन परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने खेत की ओर निकले। उनका खेत घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित है। गांव के बाहर नहर के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। घायल रामसरन को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, रामसरन रोज की तरह आवारा पशुओं से फसल की रक्षा के लिए खेत जा रहे थे। वे प्रतिदिन रात को भी फसल की रखवाली करते थे। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## प्राथमिक स्कूल में दीवार गिरी

### कक्षा 1 का छात्र हुआ घायल, बाएं पैर में आई चोट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, छानबे विकास खंड स्थित अरगी सरपती गांव के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में सोमवार सुबह बाउंड्री वॉल गिरने से एक छात्र घायल हो गया। कक्षा एक का छात्र अंश कुमार अपने बड़े भाई आर्यन के साथ स्कूल पहुंचा था। आर्यन गेट खोलकर अंदर गया और जैसे ही अंश अंदर जा रहा था, तभी दीवार गिर गई। घटना के बाद स्कूल में अफरातफरी मच गई। शिक्षकों ने तुरंत मलबे में दबे अंश को बाहर निकाला। उसके बाएं पैर में चोट आई है।

घायल छात्र को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। विद्यालय के अध्यापक संजय केसरी ने घटना की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी को दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र को मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। फिलहाल मंडलीय अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## सावन में कांवड़ यात्रा का रास्ता खतरनाक




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद तहसील स्थित विश्राम नगर में हाईवे किनारे एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। यह गड्ढा करीब एक साल पहले सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा जेसीबी से खोदी गई मिट्टी के कारण बना था। गड्ढे में नाली का गंदा पानी और बरसात का पानी जमा हो रहा है। इससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ गई है, जिससे लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। वहीं उप जिला अधिकारी प्रभात राय ने जानकारी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को शीघ्र ही मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं. विशेष चिंता का विषय यह है कि सावन में इसी मार्ग से कांवड़ यात्रा निकलेगी। रात के समय श्रद्धालुओं के गड्ढे में गिरने का खतरा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। द्रुग पाल सिंह, मुदित प्रताप, महेश, कन्हैयालाल, राजेंद्र, जितेंद्र, जवाहर, सोनू, मोनू, भूपराम, श्रीपाल, रामकिशन और रविंद्र सहित कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का मजाक उड़ाया

## बोले- वे पूरी तरह पटरी से उतर चुके, बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी इलॉन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि इलॉन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रम्प ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है। अरबपति बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने शनिवार को अमेरिका में एक नई पॉलिटिकल पार्टी बनाने का ऐलान किया। उन्होंने इसका नाम अमेरिका पार्टी रखा है। मस्क ने अपनी सोशल पोस्ट में कहा कि आप में से 66% लोग एक नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और अब यह आपको मिलेगी। जब बात अमेरिका को बर्बाद करने और भ्रष्टाचार की आती है तो अमेरिका में दोनों पार्टी (रिपब्लिकन और डेमोक्रेट) एक ही जैसी हैं। अब देश को 2 पार्टी सिस्टम से आजादी मिलेगी।



उन्होंने लिखा- आज अमेरिका पार्टी का गठन किया जा रहा है, ताकि आपको आपकी आजादी वापस मिल सके। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर पब्लिक पोल भी किया था। मस्क ने 4 जुलाई को अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक्स पर एक पोल पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने पूछा था कि क्या आप दो पार्टी वाले सिस्टम से आजादी चाहते हैं? क्या हमें अमेरिका पार्टी बनानी चाहिए? पोल के नतीजों में 65.4% लोगों ने हां और 34.6% ने नहीं में वोट दिया। अमेरिकी संविधान के अनुसार अमेरिका में जन्मा शख्स ही चुनाव लड़ सकता है। मस्क का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। ऐसे में वे अमेरिका में चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। मस्क अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारेंगे। नवंबर, 2026 में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 और सीनेट की 100 में से 34 सीटों पर चुनाव होंगे। मस्क का प्लान हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की 8-10 व सीनेट की 3-4 सीटें जीतना है, जिससे ट्रम्प के बिलों पर रोक लगाकर वे किंगमेकर की भूमिका में आ सकें। मस्क ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प को 2500 करोड़ रु. का चंदा दिया था। लेकिन फिर मस्क डीओजीई संस्था से अलग हुए और अब ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल के विरोध में उतरे हुए हैं। अमेरिका की राजनीति में बीते डेढ़ सौ साल से डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दो ही पार्टियों का दबदबा रहा है। देश में राष्ट्रपति चुनाव से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक इन दोनों दलों का वर्चस्व हैं। इस टू-पार्टी सिस्टम को अमेरिकी लोकतंत्र की स्थिरता की वजह भी माना जाता है। डेमोक्रेटिक पार्टी की शुरूआत 1828 में एंड्रू जैक्सन के दौर में हुई। यह शुरूआत में किसानों और आम जनता की पार्टी मानी जाती थी। 20वीं सदी में यह सामाजिक कल्याण, न्यू डील जैसे आर्थिक सुधारों और नागरिक अधिकारों की पैरोकार बनी। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी 1854 में गुलामी के विरोध में बनी और अब्राहम लिंकन इसके पहले राष्ट्रपति बने। 20वीं सदी में यह व्यापार और टैक्स कट के समर्थन वाली पार्टी बन गई। अमेरिका में कई बार तीसरी पार्टियां बनाई गईं, लेकिन सफल नहीं हो सकीं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने बुल मूस पार्टी बनाई और 88 इलेक्टोरल वोट हासिल किए। हालांकि पार्टी अगले चुनाव तक भी नहीं टिक सकी। 1992 में रॉस पेरोट ने 19% पॉपुलर वोट लिए, फिर भी एक भी इलेक्टोरल वोट नहीं मिला। इन दलों को फंडिंग, संगठन और मीडिया में जगह नहीं मिलती। वोटर्स भी उन्हें वोट काटने वाला मानते हैं।

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अबतक 82 मौतें

## 41 लोग लापता, कई इलाकों में फिर से बाढ़ की चेतावनी; ट्रम्प टेक्सास जा सकते हैं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के टेक्सास राज्य में 4 जुलाई को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 3 दिन में 82 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। कैंप में मौजूद 27 लड़कियों की भी मौत हो गई, हालांकि 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। हेलिकॉप्टर और ड्रोन्स से अभी लोगों की तलाश जारी है। बजे मोदी ने



5 जुलाई को बाढ़ में मारे गए बच्चों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की। रविवार को सेंट पीटर्स स्क्वायर में अपने संबोधन के दौरान पोप लियो ने अमेरिका के टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने खासकर समर कैंप में गई लड़कियों के परिवारों के लिए प्रार्थना की। पोप ने अंग्रेजी में कहा, ₹मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने इस आपदा में अपने प्रियजनों को खोया। हम उनके लिए प्रार्थना करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को टेक्सास का दौरा कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा- हम वहां लगातार मौजूद रहेंगे। हम टेक्सास के नेताओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह एक भयानक घटना थी। हम उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं जिन्होंने इतना कुछ सहा है। बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों को उफान पर ला दिया था, जिससे सड़कें डूब गईं थीं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया। इलाके में मौजूद लोगों ने लोकल मीडिया को बताया कि बाढ़ का पानी अचानक आया और उन्हें पेड़ों पर चढ़कर जान बचानी पड़ी।

# चीन बोला-बीआरआईसीएस टकराव नहीं चाहता, ट्रेड वॉर से सबको नुकसान

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ब्रिक्स देशों पर 10% ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी

एजेंसी




बीजिंग, चीन ने सोमवार को कहा कि बीआरआईसीएस समूह किसी भी तरह का टकराव नहीं चाहता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी के बाद आया। ट्रम्प ने 6 जुलाई को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो भी देश अमेरिका विरोधी बीआरआईसीएस नीतियों के साथ खुद को जोड़ेंगे, उन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें किसी को भी छूट नहीं मिलेगी। दरअसल, रविवार को ब्राजील में आयोजित बीआरआईसीएस समिट के दौरान सदस्य देशों ने अमेरिका का नाम लिए बिना टैरिफ की आलोचना की थी। इसके साथ ही वर्ल्ड ट्रेड को होने वाले नुकसान पर चिंता जाहिर की थी। समूह ने कहा कि टैरिफ सप्लाई चेन को अस्थिर करेगा। ट्रम्प ने इस बयान को अमेरिका के खिलाफ माना और रविवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर बीआरआईसीएस देशों को आर्थिक परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ट्रुथ पर कहा था कि वे 12 देशों को टैरिफ और व्यापार समझौतों का पहला पत्र सोमवार को भेजेंगे, जो टैरिफ के प्रभावी होने की समय सीमा से पहले होगा। ट्रम्प ने कहा, ₹मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दुनिया भर के देशों के साथ अमेरिका के टैरिफ पत्र, सोमवार, 7 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे से भेजे जाएंगे।₹ नए टैरिफ 1 अगस्त से प्रभावी होंगे। ट्रम्प ने अप्रैल में सभी व्यापारिक साझेदारों पर भारी टैरिफ की घोषणा की थी, जिसके बाद 90 दिन की छूट दी गई थी। यह छूट 9 जुलाई को खत्म हो रही है। ट्रम्प ने कहा कि अगर नए व्यापार समझौते नहीं हुए, तो पुराने टैरिफ फिर से लागू होंगे। चीनी ने बीआरआईसीएस देशों से ग्लोबल ऑर्डर (वैश्विक शासन) में सुधार के लिए अपील की है। चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग ने रविवार को 17वें बीआरआईसीएस सम्मेलन के दौरान कहा कि ब्रिक्स देशों को एक बेहतर दुनिया के बनाने के लिए वैश्विक शासन में सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन बाकी बीआरआईसीएस देशों के साथ मिलकर एक न्यायपूर्ण, बराबरी वाला, प्रभावी और व्यवस्थित वैश्विक शासन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्राजील में हुए बीआरआईसीएस 2025 शिखर सम्मेलन में 10 सदस्य देशों ने अमेरिका और इजराइल के ईरान की सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों को गैरकानूनी बताया। बीआरआईसीएस ने अपनी संयुक्त घोषणा में इन हमलों की निंदा की और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की मांग की। इसके अलावा, समूह ने गाजा युद्ध और क्षेत्र में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई, साथ ही जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की।

बीआरआईसीएस ने आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही और वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# पाकिस्तान में पालतू शेर के हमले में महिला-बच्चे घायल

## पुलिस ने मालिक को गिरफ्तार किया, बिना लाइसेंस के शेर पाल रहा था

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के लाहौर शहर में एक पालतू शेर के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेर ने एक महिला और उनके 2 छोटे बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। यह हमला बुधवार रात को हुआ, जब शेर अपने पिंजरे से निकलकर एक रिहायशी इलाके में पहुंच गया और वहां मौजूद महिला और उसके पांच और सात साल के बच्चों पर झपट पड़ा। इस



हमले का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शेर को एक दीवार फांदकर इलाके में घुसते और लोगों पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। इसमें महिला को खुद को संभालते हुए और फिर मदद के लिए भागते हुए देखा जा सकता है, वहीं आसपास के कुछ लोग डर के मारे इधर-उधर भाग रहे हैं। लाहौर पुलिस ने शेर के मालिक पर बिना लाइसेंस शेर रखने और लापरवाही बरतने का केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी फैसल कामरान ने बताया कि शेर के हमले में महिला और बच्चों के चेहरों और हाथों पर चोटें आईं। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों के पिता ने बताया कि शेर के मालिक मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने शेर को रोकने की कोई कोशिश नहीं की और बस खड़े होकर सब कुछ देखते रहे। कुछ समय बाद शेर खुद ही अपने मालिक के फार्महाउस लौट गया, जहां से उसे पुलिस और वन्य जीव अधिकारियों ने पकड़कर जू पार्क पहुंचा दिया है। लाहौर में वन्यजीव कानूनों में हाल में ही बदलाव किया गया है, जिसके मुताबिक ऐसे अपराध में दोषी पाए जाने पर 7 साल तक की जेल और 50 लाख पाकिस्तानी रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है।

# हिमाचल प्रदेश में बारिश ने उग्र रूप में मचाया तांडव

### आपदा में अबतक 78 लोगों की मौत, 31 लापता और कई अस्पताल में भर्ती



**हिमाचल में मानसून का तांडव उग्र रूप में देखने को मिला है। राज्य का मंठी शहर इस आपदा में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश की व्यापक तबाही में अब तक 78 लोग मारे गए और कई सारे लोग घायल है। इसके अलावा अभी भी 31 लोगों के लापता होने की खबर है।**

एजेंसी

हिमाचल में मानसून का तांडव उग्र रूप में देखने को मिला है। राज्य का मंठी शहर इस आपदा में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश की व्यापक तबाही में अब तक 78 लोग मारे गए और कई सारे लोग घायल है। इसके अलावा अभी भी 31 लोगों के लापता होने की खबर है। 20 जून से अचानक बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने राज्य को तबाह कर दिया है, जिससे घरों, बुनियादी ढांचे और यहां तक कि थुनाग में एक विश्वसनीय स्थानीय बैंक को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पड़ोसी राज्य उत्तराखंड हाई अलर्ट पर है, क्योंकि चार जिलों में संभावित भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के अनुसार 20 जून को मानसून की शुरूआत के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई और 31 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें से 50 लोगों की मौत भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी बारिश से संबंधित घटनाओं में हुई, जबकि 28 अन्य लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में गई। हिमाचल प्रदेश मानसून के कहर से जूझ रहा है6 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश में 23 अचानक बाढ़, 19 बादल फटने और 16 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। 78 मौतों में से 50 की मौत बारिश से संबंधित घटनाओं जैसे डूबने, बिजली का झटका लगने, बिजली गिरने और अचानक बाढ़ के कारण हुई। इसके अलावा, 28 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने पुष्टि की है कि कम से कम 37 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 115 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, ₹पाइपों की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन उन तक पहुंचना मुश्किल है... हमें स्थायी बहाली के लिए बहुत पीछे जाना पड़ा है। बड़ी योजनाओं को बहुत बड़ा झटका लगा है। हमारे ट्रांसफार्मर और मशीनरी बह गए हैं और उन्हें ढूंढना विभाग के लिए बहुत बड़ी चुनौती है और इसे युद्ध स्तर पर करने की कोशिश की जा रही है। मैं लोगों से अपील करना चाहती हूं कि वे विभाग का साथ दें और स्टोरेज या हैंडपंप से पानी का इस्तेमाल करें और इसे उबालकर ही पिएं।

# हमलोग तो पीएम बनाना चाहते थे, सीएम ही रह गए नीतीश

## अखिलेश बोले- बिहार में करेंगे लालू की मदद

**उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है।**

एजेंसी



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पूरा समर्थन देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार में हम लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ हैं। इसके साथ ही अखिलेश ने नीतीश कुमार और पर तंज भी कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ेंगे लेकिन सीएम नहीं बनाएंगे। हम तो नीतीश कुमार को पीएम बनाना चाहते हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नीतीश कुमार जी के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वे उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। हम एक बार उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना चाहते थे, लेकिन अब देखिए- वह मुख्यमंत्री पद से ही रिटायर हो जाएंगे। भाजपा उन्हें रिटायर होने के लिए मजबूर करेगी। सत्तारूढ़ भाजपा और उसके वैचारिक रुख पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि मैं केवल एक ही बात जानता हूं- सत्य का मार्ग ही धर्म का मार्ग है, वही सच्चा सनातन मार्ग है। जो लोग अन्याय करते हैं, भेदभाव करते हैं और बच्चों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं, वे खुद को सनातनी नहीं कह सकते। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में सिर्फ भगवा वस्त्र पहनने से कोई बाबा या योगी नहीं बन जाता। असली पहचान विचार और आचरण से होती है।

# प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हुए मनीष कश्यप

**कश्यप, जिनके यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं, कुछ साल पहले पहली बार सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के लिए तमिलनाडु पुलिस ने गिरफ्तार किया था।**



एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बिहार के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष कश्यप सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी थी। मनीष कश्यप किशोर की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। कश्यप, जिनके यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं, कुछ साल पहले पहली बार सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के लिए तमिलनाडु पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन टिकट नहीं दिया गया। कश्यप ने जून में एक वीडियो संदेश में भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी और आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों तक उनका ह्लइस्तेमालह्व किया और उसके बाद उन्हें मझधार में छोड़ दिया। आपको बता दें कि मनीष कश्यप 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में पश्चिम चंपारण जिले की चनपटिया सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

# कई देशों की जेडीपी से बड़ा है भारत का रक्षा बजट...

## डीआरडीओ के कार्यक्रम में बोले राजनाथ

**रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जेईएम पोर्टल से पूंजीगत खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। मुझे यह भी बताया गया है कि विभाग रक्षा कर्मियों के लिए व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डेटाबेस प्रबंधन पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा क दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है।**

एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन को संबोधित कया। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि अगर आप हमारे रक्षा बजट को देखें तो यह दुनिया के कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी बड़ा है। जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है, तो हमारी जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। हमें प्रभावी विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा व्यय ऐसा होना चाहिए कि न केवल बजट बढ़े, बल्कि हम इसका



सही तरीके से उपयोग भी कर सकें - सही समय पर सही उद्देश्य के लिए उचित तैनाती के जरिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जेईएम पोर्टल से पूंजीगत खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। मुझे यह भी बताया गया है कि विभाग रक्षा कर्मियों के लिए व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डेटाबेस प्रबंधन पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा क दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो पराक्रम दिखाया है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमता का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है - इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि हमारे इस विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर हिसाब-किताब रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के सुरक्षा ढांचे का एक अहम हिस्सा है। जब आप अपना काम ईमानदारी और क्षमता के साथ करते हैं, तो उसका असर सीमा पर तैनात जवानों तक होता है। उन्हें भरोसा होता है, कि उनके पीछे एक मजबूत व्यवस्था है, जो हर परिस्थिति में उनका साथ देगी। उन्होंने कहा कि रक्षा लेखा विभाग का नया आदर्श वाक्य ही अपने आप में बहुत कुछ कह देता है।

## संक्षेप

### जनपदीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**बालिका हैंडबॉल से हुआ आगाज, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय की ओर से सुल्तानपुर के पंत स्टेडियम में चार दिवसीय जनपदीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 7 से 10 जुलाई तक चलेगी। पहले दिन प्रतियोगिता की शुरूआत बालिका हैंडबॉल से हुई। सुल्तानपुर-अमेठी के एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने एमएलसी को बुके, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी और स्टेडियम के प्रशिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वॉलीबॉल कोच प्रदीप यादव ने किया।

### जमीन विवाद में महिला के घर में तोड़फोड़

**सुल्तानपुर में 4 लोगों ने धमकी दी, पुलिस कार्रवाई से बचा रही, एसपी से शिकायत**

सुलतानपुर, कुड़वार थाना अंतर्गत ग्राम धरावां में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। जहिदुलनिसा नाम की महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत के अनुसार, नौशाद, दलिश इबरार, गालिया देशम और तसमीन बानो उनके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने घर का सामान इधर-उधर फेंक दिया। उन्होंने जहिदुलनिसा को जमीन और मकान खाली करने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि अगर वह मकान नहीं छोड़ेंगी तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मार देंगे। जब महिला अपने मुकदमे के सिलसिले में शहर जा रही थी, तब भी नौशाद और अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। उन्होंने धमकी दी कि अगर वह वापस आई तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने थाना प्रभारी और सिपाही संतोष से संपर्क किया। उनका आरोप है कि थाना प्रभारी विपक्षियों से प्रभावित होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मामले में पहले से फौजदारी का केस चल रहा है।

### किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**खाद, बीज और सिंचाई की मांग; जल निकासी की समस्या का मुद्दा उठा**

सुलतानपुर, कांग्रेस नेताओं ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रमुख मांगों में किसानों को समय पर खाद और बीज की उपलब्धता, नहरों में टेल तक पानी की पहुंच शामिल है। जयसिंहपुर ब्लॉक के सेमरी मौहरिया बाजार में बनी 3 मीटर की सीसी रोड के दोनों तरफ जल निकासी की व्यवस्था की मांग भी की गई। तेज बहादुर पाठक ने कहा कि किसानों को धान की रोपाई के लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता है।

# गंगा स्नान करने गए चार दोस्त डूबे

## तीन युवकों को नाविकों ने बचाया, एक की हुई मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नवाबगंज थाना क्षेत्र के श्रृंगवेरपुर के पास रामचौरा घाट पर गंगा नदी में स्नान करते वक्त 28 साल के अभिषेक प्रजापति की डूबने से मौत हो गई। चार दोस्त रामचौरा घाट पर स्नान के लिए गए थे। नहाते वक्त तीनों गहरे पानी में समाने लगे। चीख पुकार मची तो आसपास के लोग बचाव में कूदे। शोर सुनकर नाविकों ने छलांग लगा दी। नाविकों ने दो दोस्तों को तो डूबने से बचा लिया लेकिन अभिषेक गहरे पानी में समा चुका था। तीन घंटे मशक्कत के बाद अभिषेक का शव बरामद हो गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के भैरव का पुरवा कूड़ा गांव के रहने वाले शीतल प्रजापति का बेटा अभिषेक 28 अपने दोस्त आशीष प्रजापति पुत्र बृजलाल प्रजापति उम्र 26 वर्ष, सुधीर प्रजापति पुत्र दिनेश प्रजापति उम्र 24 वर्ष, सूरज सरोज पुत्र गब्बू उम्र 26 वर्ष के साथ नहाने के लिए रामचौरा घाट गया था। श्रृंगवेरपुर के करीब यह घाट काफी गहरा है। नहाते वक्त चारों दोस्त आगे की तरफ निकल गए। इसी बीच वह गहरे पानी में समाने लगे। चीख पुकार होने पर नाविकों ने पानी में छलांग लगाकर तीन दोस्तों को बचा लिया जबकि अभिषेक गहरे पानी में समा गया जिससे उसकी मौत हो गई। अभिषेक एक प्राइवेट दुकान में नौकरी करता था।

### यमुना का जलस्तर बढ़ने से अरैल घाट डूबा

**प्रशासन ने लगाई बैरिकेडिंग, स्नान पर रोक; जल पुलिस तैनात**

प्रयागराज, गंगा और यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नैनी के अरैल घाट पर इसका प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। घाट पर स्थित बारादरी पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। निचली बारादरी में बने विश्राम गृह की केवल छत दिखाई दे रही है। बाढ़ की स्थिति के बावजूद स्थानीय लोग यहां पहुंच रहे हैं। यमुना की लहरें लोगों को आकर्षित कर रही हैं। कई लोग घाट के किनारे पिकनिक मना रहे हैं। सुबह और शाम को स्नान करने वालों की भीड़ जमा हो रही है। एसडीएम करछना तपन मिश्रा के अनुसार बाढ़ को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। अरैल घाट पर स्नान करने वालों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है। लोगों को गहरे पानी में स्नान करने से मना किया गया है। घाट पर जल पुलिस और गोताखोर तैनात किए गए हैं। नैनी के अरैल घाट और महेवा गांव के किनारे रहने वाले लोगों को सावधान किया गया है। बाढ़ चौकियां और शरणालय बनाए गए हैं।

# संगम में नाव में 10 फीट लंबा अजगर निकला

## बैठे यात्री डरकर चिल्लाने लगे, वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, संगम तट पर एक नाव में अचानक 10 फीट लंबा अजगर निकल आया। नाव में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग डर के मारे चिल्लाने लगे। कुछ यात्री घबराहट में नाव से कूदने की कोशिश करने लगे। आस-पास की नावों में मौजूद नाविकों ने तुरंत स्थिति को संभाला। उन्होंने सावधानी से अजगर को पकड़ा। किसी को कोई चोट नहीं आई। वन्य टीम ने अजगर को जंगल में छोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मानसून के दौरान संगम क्षेत्र में जलीय और वन्य जीवों की आवाजाही बढ़ जाती है। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर इस मौसम में जंगली जीवों का दिखना आम बात है। प्रशासन ने घटना के बाद सतर्कता बढ़ा दी है। संगम क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ाई गई है। यात्रियों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति में पुलिस या जल पुलिस से संपर्क करने को कहा गया है। प्रशासन संगम क्षेत्र की निगरानी के लिए ड्रोन और कैमरों का उपयोग करने की योजना बना रहा है। इससे ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। यह घटना बताती है कि प्रकृति के साथ सतर्कता बरतना जरूरी है।

# अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई



**बिना रेडियोलॉजिस्ट के चल रहे 4 सेंटर सील, संचालक फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। एसडीएम अभिनव कनॉजिया ने पुलिस बल के साथ चार अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी की। छापेमारी में पाया गया कि नवीन, जसीम, श्रीराम और मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना किसी प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट के संचालित किए जा रहे थे।

इन सेंटरों पर अप्रशिक्षित लोग मरीजों की जांच कर रहे थे। एसडीएम को देखते ही सभी सेंटर संचालक मौके से फरार हो गए। प्रशासन को मिली थी शिकायत प्रशासन को इन अवैध सेंटरों के संचालन की शिकायत मिली थी। छापेमारी के दौरान एसीएमओ राम प्रसाद भी मौजूद रहे। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने सभी चारों अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील कर दिया है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

## सुलतानपुर में दोनों तरफ से फायरिंग, 6 लोग घायल; महिलाएं भी जख्मी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कोतवाली देहात थाना अंतर्गत ग्राम ओदरा में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इबरार अहमद और जलालुद्दीन के परिवारों के बीच रास्ते को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। इबरार के भतीजों और विपक्षियों में कहासुनी हुई। अगले दिन जलालुद्दीन पक्ष के लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे।

अट्ठू ने अपने पिता की बंदूक से फायरिंग कर दी। इबरार के भतीजे घर में भाग गए। उन्हें बचाने आईं मुख्तरुल निशा और सबनम पर हमलावरों ने हमला कर दिया। मुख्तरुल निशा बेहोश हो गईं। दिलशाद ने इबरार को भी लाठी से मारकर बेहोश कर दिया। दूसरी तरफ, इबरार पक्ष ने भी जवाबी हमला किया। विपक्षी सिराजुद्दीन के भाई सलमान और फुफेरे भाई असगर पर इबरार और उनके साथियों ने हमला किया। इबरार ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की। गोली असगर के सिर में लगी। सलमान भी गंभीर रूप से घायल हुआ। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों का पहले से आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है। एसएचओ अखंड देव मिश्रा ने बताया दोनों पक्ष से मुकदमा दर्ज किया गया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी का मामला



**गेहूं की जगह चावल बांटने वाले कोटेदार पर मुकदमा, डीएम ने दिए जांच के आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, विकासखंड तिलोई के ग्राम पंचायत सेमरौता में सरकारी राशन वितरण में बड़ी अनियमितता पकड़ी गई है। ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को मौके पर भेजा। जांच में पाया गया कि कोटेदार ने सरकारी नियमों की अवहेलना करते हुए गेहूं के बदले चावल का वितरण किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर दोषी कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति विभाग ने अन्य क्षेत्रों के कोटेदारों की भी जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की है।

इस कार्रवाई से जिले के सभी कोटेदारों को संदेश गया है कि भ्रष्टाचार अब नहीं चलेगा।

# सपा की अमेठी में मासिक बैठक

## बिजली-खाद की किल्लत पर आंदोलन की चेतावनी, पंचायत-विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं को समाजवादी नीतियों के प्रचार-प्रसार का जिम्मा सौंपा गया। नेताओं ने जनपद में बिजली संकट और खाद की कमी पर चिंता व्यक्त की। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि किसानों को न तो समय पर बिजली मिल रही है और न ही उचित दर पर खाद। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पार्टी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर रही है। बैठक में राकेश यादव, घनश्याम सिंह, अरशद अहमद, चंद्रशेखर यादव, मनीराम वर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी सपा प्रवक्ता राजेश मिश्र ने दी।

# जलभराव से त्रस्त लोगों का विरोध

## सड़क जाम कर प्रदर्शन, घरों में भरा पानी; पार्षद पर वोट के आधार पर काम करने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ में जलभराव से गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए। सड़क पर पेड़ डालकर पब्लिक ने जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय पार्षद उनकी बात नहीं सुनते। आरोप लगाया कि वोट नहीं दिया तो काम कैसा जल भराव के कारण मकान गिरासू हालात में है। दीवारे चटक गई हैं। लोगों का जीना दुश्वार है। हंगामा आधा घण्टे से ज्यादा देर तक चला। जानकारी के मुताबिक, मामला क्वार्सी क्षेत्र स्थित वार्ड 53 से जुड़ा है। शहर में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश का पानी घरों में भर गया। लोगों का जीना दूभर हो गया। आरोप है घरों में रखा सामान खराब हो गया। खाना भी नहीं बन पा रहा है। बच्चे बुजुर्ग सभी परेशान है। सोमवार तड़के हुई बारिश ने लोगों के लिए और समस्या बढ़ा दी। जिसके चलते लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में महिला, पुरुष बच्चे सड़क पर आ गए। उन्होंने रोड जाम कर दिया। नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ जमकर हंगामा काटा। पूर्व पार्षद विजय तोमर ने बताया कि क्षेत्र में कच्ची नालियां हैं। उनका निर्माण नहीं कराया गया। इसके चलते बारिश का पानी सड़क से होते हुए लोगों के घरों में पहुंच गया है। बताया कि मेयर साहब के यहां से आश्वस्न है, लेकिन जो क्षेत्रीय पार्षद हैं उनकी सक्रियता नजर नहीं आ रही है। आरोप है कि पार्षद जनता को फंड न होने का हवाला देते हैं। उधर, श्रीनगर की वाले लोगों ने बताया कि गली का समाधान नहीं हो रहा है। बीती रात बच्चे डूब गए। घरों में खाना भी नहीं बना। पानी भरने से कई मवेशी भी मर गए।

ये समस्या पिछले दो साल से ज्यादा हो रही है। मौजूदा पार्षद सुनते ही नहीं। वो कहते हैं कि उनको वोट नही दिया तो काम कैसे करवा देंगे।

कई घरों में पानी भरने से अंदर नहीं जा पा रहे हैं। पानी भरने के कारण कई घर गिरासू हालात में हैं। कई मकान की दीवार चटक गई हैं।

# मेडिकल स्टोर संचालक ने अश्लील वीडियो बनाए, ब्लैकमेल किया

## स्टॉफ नर्स की आत्महत्या का मामला, पति की शिकायत पर केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कुमारगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में तैनात स्टाफ नर्स सीमा श्रीवास्तव ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति भूपेंद्र श्रीवास्तव ने मेडिकल स्टोर संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भूपेंद्र के अनुसार, अमेठी के कोरारी गांव निवासी अमित सिंह हलियापुर बाजार में 'पुष्पांजलि' मेडिकल स्टोर चलाता है। उसने पत्नी से अवैध संबंध बनाए। आरोपी ने सीमा को नशीली दवाएं खिलाकर मानसिक रूप से कमजोर किया। उसने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पति ने बताया कि आरोपी ने सीमा की सर्विस पर लोन स्वीकृत करवाकर पैसे भी हड़प लिए। इसकी जानकारी उन्हें बैंक का नोटिस आने पर हुई। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी देता था, जिसकी रिकॉर्डिंग और व्हाट्सएप चैट मौजूद हैं। मामले में शुरूआत में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और विरोध जताया। एसपी सुल्तानपुर के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने अमित सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को दियरा राजघाट पर मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।

# दर्जी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग

## कपड़े, फर्नीचर और सिलाई मशीनें जलकर राख, 2 लाख का नुकसान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी के संग्रामपुर क्षेत्र में ठेंगहा बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास एक दर्दनाक घटना सामने आई। रहीश अहमद की सिलाई की दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। रहीश को दुकान में आग लगने की सूचना मिली। वह तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखे ग्राहकों के सिले और बिना सिले कपड़े जल गए।

# गोवर्धन पहुंच रहा आस्था का सैलाब

## मुड़िया मेले में उमड़ने लगी भीड़, ट्रेनों में उतरने चढ़ने को मच रही आपाधापी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, गोवर्धन में चल रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में अब श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। यहां परिक्रमा देने आ रहे लोग श्रद्धा और भक्ति में डूब रहे हैं। भीड़ का आलम यह है कि रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने और उतरने को लेकर आपाधापी मची हुई है। रेलवे सुरक्षा से जुड़े जवान व्यवस्थाओं को संभालने के लिए मेहनत कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा पर्व पर मथुरा के गोवर्धन में लगने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेला में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इनमें अधिक संख्या ट्रेन से आने वाले यात्रियों की होती है। यही वजह है कि मथुरा जंक्शन पर हर तरफ श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे हैं। स्टेशन पर ट्रेन आते ही यात्री चढ़ने उतरने को लेकर धक्का-मुक्की की भी स्थिति बन जाती है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 से लेकर 10 तक यही आलम है। स्टेशन पर भीड़ का यह सैलाब 11 जुलाई तक चलेगा। झेलम एक्सप्रेस मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर जैसे ही आकर रुकी तो प्लेटफार्म पर मौजूद यात्री गाड़ी में बैठने के लिए एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगे। इसका वीडियो भी सामने आया है। गाड़ी करीब 5 मिनट तक प्लेटफार्म एक पर खड़ी रही। भीड़ ज्यादा होने पर कई यात्री ट्रेन में भी नहीं चढ़ पाए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी